# कृषि कुंभ: अन्नदाता अब ऊर्जादाता भी बनेंगे: मोदी

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश का अन्नदाता ऊर्जादाता भी बन सकेगा। इससे देश में बड़ा परिवर्तन आएगा। पीएम मोदी शुक्रवार से लखनऊ में शुरू हुए कृषि कुंभ में अपने उद्घाटन भाषण में बोल रहे थे।

दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पीएम मोदी ने कहा कि प्रयागराज में लगने वाले कुंभ में अभी समय है लेकिन एक और कुंभ प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज से शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कृषि कुंभ से किसान जरूर लाभान्वित होंगे। बिजली



कृषि कुंभ के उद्घाटन समारोह को वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित करते पीएम मोदी

ऊर्जा से चलने वाला बनाने के लिए अभियान शुरू हो चुका है, इससे किसानों को मुफ्त में बिजली तो मिलेगी ही साथ ही उनकी जरूरत के बाद जो बिजली बचेगी उसे किसान कंपनियों को बेच भी सकेंगे। इससे अन्नदाता किसान शीघ्र ही ऊर्जादाता बन जाएंगे। ▶ बीज

# कृषि कुंभ : मोदी ने की योगी की सराहना

लखनऊ (एसएनबी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित त्रिदिवसीय 'कृषि कुंभ' का उद्घाटन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास को सराहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने में योगी सरकार ने अच्छा प्रयास किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से यहां आयोजित 'कृषि कुंभ' के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे।



## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

- कृषि कुंभ के लिए सीएम योगी टीम को बधाई देता हूं
- इजराइल और जापान का आभार
- किसानों को मिलेगी नई तकनीक की जानकारी
- कृषि कुंभ में आये किसानों, वैज्ञानिकों का स्वागत
- यह कंभु कृषि क्षेत्र में नया रास्ता खोलेगा
- यूपी में रिकार्ड अनाज का उत्पादन होता है
- कृषि कुंभ के पार्टनर हरियाणा को भी होगा लाभ
- बिजली और डीजल पम्पों को सोलर पम्पों में बदलने का अभियान चालू



## मुख्यमंत्री योगी ने कहा

- लागत कम करने व उत्पादन बढ़ाने पर काम जारी
- इजराइल की तकनीक का बेहतर उपयोग करेंगे
- जापान के साथ भी हमने कृषि में करार किया
- देश में किसानों के लिए स्वायल हेल्थ कार्ड दिया
- अमरोहा, संभल, बिजनौर में कई परियोजनाएं शु
- बाण सागर का काम हमारी सरकार में पूरा हुआ
- किसानों के जीवन में खुशहाली लाना ही हमारा
- तकनीक और नये उपकरणों के उपयोग से उत्पा बढ़ाना संभव

(विवरण पेज 11

Indian Express 26 oct 18

# Modi at Krishi Kumbh: Tech to raise income



Vishal Srivastav

At the Krishi Kumbh, agricultural scientists and experts will hold 14 technical sessions over the course of three days.

EXPRESS NEWS SERVICE
LUCKNOW, OCTOBER 25

PRIME MINISTER Narendra Modi on Friday repeated his government's commitment to double the income of farmers by 2022 and said that innovative technologies is the way to go about it.

"Farmers are the one who take this country further. This is why instead of going with the old practice of working in installments on issues related to agriculture, our government is working on these issues together," said the PM speaking via videoconference at the inauguration of the three-day *Krishi Kumbh 2018* at the Indian Institute of Sugarcane Research (IISR), Lucknow.

"Our government is committed to double the income of Indian farmers by 2022. Our plan would be *kam lagat, adhik aay* (less cost, more income) and are making unprecedented inclusion of scientific methods in farming."

At the Krishi Kumbh, agricultural scientists and experts will hold 14 technical sessions over the course of three days. Around 25,000 farmers are expected to participate.

Speaking on the importance of the Krishi Kumbh, he said, "When the word Kumbh is attached with any programme then its importance becomes wider. In a way, Kumbh is an infinite stream of humanity, thinking and discussion and I believe that the Krishi Kumbh will fulfil this culture and feeling. And in the coming three days, it will find ways to opportunities with technology."

Jharkhand and Haryana are partner states in the Krishi Kumbh and Japan and Israel are partner countries.

"Israel has expertise in new methods of irrigation. At the same time, Japan is working widely in the field of agricultural technologies. At this krishi kumbh, you will benefit from the expertise of both these countries. In addition to this, we are working towards replacing diesel and electricity pumps with solar ones. In the coming four years we envisage to install 28 lakh solar pumps," said Modi. "After the successful Green Revolution, we are working on White Revolution in milk, Sweet Revolution in honey and Blue Revolution in fish."

Modi took the opportunity to praise the Yogi Aditynath UP government. "I have been told that there have been arrangements made for the purchase of pulses and other crops throughout the state. I congratulate Yogiji, because where on one side where UP farmers are recording growth in crop production, the Yogi government is breaking records in farm purchase," he said.

PNS

# PM hopes for better farm sector scope

PNS ■ LUCKNOW

Prime Minister Narendra Modi on Friday expressed confidence that farmers would pave the way for imbibing of new technology and hoped that better opportunities would be created in the agriculture sector.

Inaugurating Krishi Kumbh 2018, a mega conclave of farmers and agricultural experts in Lucknow through video conferencing from Delhi on Friday, the Prime Minister lauded the efforts of the Uttar Pradesh government and Chief Minister Yogi Adityanath for the development of agriculture and welfare of the farmers with the aim of enhancing their income.

"The government is committed to doubling the income of farmers by 2022, the year when India completes 75 years of independence. The government is creating a strong infrastructure from 'beej to bazaar' (seed to market) for enhancing the income of farmers," he said.

Modi expressed the hope that there would be record production of foodgrains during the kharif season. He reiterated the government's commitment to double the farmers' income by helping the nation's food producers at every stage, from sowing to selling.



Prime Minister Narendra Modi addressing Krishi Kumbh in Lucknow through video-conferencing as CM Yogi Adiyanath and others look on Pioneer

The PM said that farmers, the country's 'annadata', were becoming power generator of the country with the help of new technologies. He said the solar technology had changed the lives of the farmers in Gujarat where they were generating solar power and after meeting their electricity needs, were selling the surplus electricity and earning additional income.

Modi said events like Krishi Kumbh would greatly benefit farmers and it was a commendable achievement of the UP government as it would open new avenues for farmers in coming days.

The PM expressed confidence that the farmers would pave the way for new technology to be imbibed and better opportunities to be created in the agriculture sector. He said this time the farmers would get increased price for their crops as the Minimum Support Price of 21 Rabi and Kharif crops had been increased. The PM appreciated the UP government for its efforts in augmenting substantially the procurement of foodgrains. He asserted that the farmers were the ones who took the country forward.

Modi mentioned the series of steps that the government was pursuing to reduce input costs and raise profits to double farmers' income. He said a large number of solar pump would be installed in farm across the country in the nea future. Modi said the government was working to delive the benefits of science to agriculture and the Rice Researc Centre being set up in Varana was is a step in this directio

The PM also spoke abo the importance of value add tion in farming and mention the steps being taken in the

*Continued on Pag*

# कृषि क्षेत्र की मजबूती के लिये होंगे हरसंभव उपाय : योगी

- मुख्यमंत्री ने लखनऊ में किया कृषि कुंभ मेला का उदघाटन
- इजरायल और जापान से भी होगा तकनीक का आयात
- किसानों की आय दोगुनी करना सरकार का सीधा लक्ष्य



लखनऊ।

किसानों की आय को दोगुना करने का संकल्प दोहराते हुये मुख्यमंत्री

कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने के लिये इजरायल और जापान से तकनीक का आयात करने में सरकार गुरेज नहीं करेगी। तीन दिवसीय कृषि कुंभ के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा कि प्रदेश में ऐतिहासिक कृषि कुंभ मेला पहली बार आयोजित किया जा रहा है। यहां कृषि की संभावनाओं को और मजबूती प्रदान करने का काम किया जा रहा है जिससे लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि हो सके। कृषि के क्षेत्र में इजरायल और जापान ने काफी तरक्की की है जिनकी तकनीक के माध्यम से हम अपने प्रदेश में भी समृद्धि ला सकेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार का सीधा लक्ष्य है कि किसानों आय दुगनी की जा सके। करीब 23 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में उर्वरा शक्ति बहुत ज्यादा है जो एक साल में पूरी दुनिया के लिए कृषि उत्पादन करने की क्षमता रखता है। यह प्रदेश जागरूकता के अभाव में काफी पीछे था लेकिन केन्द्र सरकार की मदद से उनकी सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू ■ शेष पेज 11 पर


ईदमिलादुन्नबी इन्शाअल्लाह मदीने शरीफ में
रवानगी 13 नवम्बर - वापसी 28 नवम्बर (16 दिन)
₹ 59,000/-
रवानगी 04 नवम्बर - वापसी 23 नवम्बर (19 दिन) ₹65,900/-
रवानगी 06 नवम्बर - वापसी 22 नवम्बर (17 दिन) ₹65,900/-
रवानगी 10 नवम्बर - वापसी 25 नवम्बर (16 दिन) ₹65,900/-
हज, उमराह और ज़ियारत टूर्स
Saudi Airlines
अरक़म सी ट्रेवेल्स
उमराह

the pioneer
LUCKNOW | FRIDAY | OCTOBER 26, 2018

# Krishi Kumbh all set to unfold evolving dynamics of farming

PNS ■ LUCKNOW

It will be a kumbh of different dimension when farmers and agricultural scientists from across the country will converge on Lucknow on Friday to brainstorm for three days to chalk out a strategy to double farmers' income.

This agri-meet — Krishi Kumbh 2018 — will also be attended by representatives of Haryana and Jharkhand as partner states. Japan and Israel will also work as partner countries and share technical know-how with Indian farmers, particularly on water conservation.

Agriculture Minister Surya Pratap Shahi said that the aim of the Krishi Kumbh was to promote modern technique and diversification in agriculture that could help farmers double their income.

Over 1,00,000 farmers, scientists, experts and entrepreneurs are expected to take part in the three-day event.

"The Krishi Kumbh will unfold all aspects of rural economy like agriculture, horticulture, dairy, pisciculture, bee-keeping, food processing, animal husbandry and farm implements to provide a holistic picture to farmers for increasing their income," Shahi said while speaking to media persons in Lucknow on Thursday.



Agriculture Minister Surya Pratap Shahi (centre) addressing reporters in Lucknow on Thursday Pioneer

The UP Agriculture Minister said the summit would introduce farmers to the evolving dynamics of farming so that they could increase their earnings by tapping the vast potential in agriculture and post-harvest management of crops.

The Krishi Kumbh will have 14 sessions, the first being on Indo-Israel partnership where deliberations will be held on equitable development and delivery services system with focus on water management.

The second session will be on agriculture policy and reform for higher and sustainable farmers' income. It will focus on diversification in farm sector for better profits to farmers.

The third session will be on integrated farming system and organic farming. It aims to educate farmers about organic farming. Farmers will be encouraged to take up vegetable and fruit growing and horticulture through organic methods.

There will be other sessions like trade policy and export promotion, management of farm produce, technical intervention in agriculture and possible startups.

One session each will be dedicated to Bundelkhand and eastern UP in which discussions will veer around how farmers could increase their income. One session will be dedicated to animal husbandry, poultry and fisheries.

Besides, the impact of environment will also be discussed at Krishi Kumbh. Farmers will also be taught about options to get finances and institutions to help them. In other sessions, storage of grains will be discussed.

Shahi said that big companies working in farm sectors like Escort, Sonalika, Mahindra and Mahindra, Shaktiman, Tafe and VST Tiller had agreed to set up their stalls at the meet.

एन बी टी 27.10.18



तीन दिवसीय कृषि कुंभ 2018 के शुभारंभ के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण।

कृषि कुंभ 2018 का प्रधानमंत्री ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया उद्घाटन

पराली जलाने की किसानों की मजबूरी खत्म करने की बात कही

# पराली को वेस्ट नहीं, वेल्थ बनाएं : मोदी

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ

राजधानी में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान परिसर में तीन दिवसीय कृषि कुंभ की शुरुआत शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की। उन्होंने पराली जलाने की समस्या पर चिंता जताते हुए किसानों से कहा कि अभी पराली को वेस्ट के तौर पर देखा जाता है। इसे वेल्थ में बदलने की जरूरत है। खेत में हर चीज सोना होती है। किसान को जौहरी की तरह उसका उपयोग करना होगा। खेतों में कटाई करने वाली मशीनों पर 50 से 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। अब ऐसी तकनीक विकसित करनी होगी जिससे किसानों को पराली जलाने पर मजबूर न होना पड़े।

## ऊर्जादाता भी बनेगा किसान

पीएम ने कहा कि सरकार डीजल और बिजली पर किसानों की निर्भरता कम करने के लिए काम कर रही है। वहीं, सोलर एनर्जी को बढ़ावा दिया जा रहा है। कुछ किसान खेतों में सिंचाई के लिए सोलर ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही वे कंपनियों को बिजली बेच भी रहे हैं। उम्मीद है जल्द किसान खुद ही ऊर्जा का उत्पादन करेगा, जिससे वह अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनेगा।

## अब ब्लू और स्वीट रेवलूशन

मोदी ने कहा कि वह लागत कम करके किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। देश में 16 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड दिए जा चुके हैं, जिनमें 3 करोड़ अकेले यूपी में। ग्रीन रेवलूशन के बाद अब वाइट रेवलूशन, ब्लू रेवलूशन और स्वीट रेवलूशन शुरू हो रहा है। मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दो दिन पहले ही 75 हजार करोड़ की योजना को मंजूरी दी गई है।

## उत्पादन के रेकॉर्ड बना रहे यूपी के किसान

मोदी ने कहा कि खरीफ का सीजन खत्म होने जा रहा है। इस बार फिर रेकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद है। देश के कुल खाद्यान्न का 20 प्रतिशत उत्पादन यूपी के किसान करते हैं। किसानों को नए समर्थन मूल्य से भुगतान किया जा रहा है। कोशिश है कि किसान जो लागत लगाए, उसका 50 प्रतिशत लाभ उसे मिले। यूपी के किसान लगातार उत्पादन का रेकॉर्ड तोड़ रहे हैं तो योगी जी की सरकार खरीद के नए-नए रेकॉर्ड बना रही है।

## किसानों को मिलेगा तकनीक का लाभ

पीएम ने कहा कि प्रयागराज में लगने वाले अर्धकुंभ में अभी कुछ महीने बाकी हैं, लेकिन यूपी की धरती पर एक कुंभ अभी से शुरू हो गया। इजरायल और जापान की सरकारों को धन्यवाद कि वे इसमें पार्टनर बने। हरियाणा भी पार्टनर है। सिंचाई के लिए 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## 'राजकुमार' कर रहा सवाल

केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने कहा कि इस देश में एक ही परिवार ने 48 साल राज किया। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उसी परिवार का 'राजकुमार' 48 महीने की सरकार से सवाल पूछता है। लाल बहादुर शास्त्री पीएम बने तो उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया। हरित क्रांति हुई लेकिन उसके साइड इफेक्ट भी हुए।

## रिपोर्ट अलमारी में बंद करके सो रहे थे

राधामोहन ने कहा कि लोग स्वामीनाथन आयोग की बात करते हैं। यह रिपोर्ट 2006 में आ गई थी। जो लोग उस समय सो रहे थे, वे अब चिल्ला रहे हैं। स्वामीनाथन ने खुद लिखा है कि रिपोर्ट आने के बाद पहली बार मोदी सरकार में उसपर कुछ काम हुआ है। जो सवाल उठा रहे हैं वे उस समय सो रहे थे और रिपोर्ट अलमारी में बंद थी।

## स्टेट बैंक ने लगाए पांच स्टॉल

कृषि कुंभ में भारतीय स्टेट बैंक ने भी पांच स्टॉल लगाए हैं। एसबीआई के महाप्रबंधक सतीश पटवर्धन ने बताया कि यहां स्टाल पर किसानों को बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। यहां पहुंचे हजारों किसानों ने योजनाओं के बारे में जानकारी ली।



विदेशी दल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुंभ में लगी प्रदर्शनी देखी।

### दुनिया के लिए अन्न उगा सकते हैं यूपी के किसान

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। यूपी में इतनी क्षमता है कि यहां के किसान एक साल में पूरी दुनिया के लिए अन्न उत्पादन कर सकते हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कृष्णा राज, बिहार के कृषि मंत्री प्रेम कुमार और उत्तराखंड के कृषि मंत्री सुबोध उनियाल भी मौजूद रहे।

### अखिलेश का तंज

"बीजेपी के लोग झूठ बोलने में परफेक्ट हैं। कहते हैं किसानों की आय दोगुनी हो गई, अगर ऐसा होगा तो अर्थव्यवस्था भी दोगुनी होगी? देश में मोदी सरकार में 40 हजार से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली है। हमने कन्नौज में इस्राइल की मदद से सेंट्रल फॉर एक्सिलेंस बनवाया था? उसका क्या हुआ? कन्नौज के परफ्यूम पार्क का नाम बदलकर इत्र पार्क रख दिया। बीजेपी ने सिर्फ यही किया।

-अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष



## गोमूत्र, गुड़ से बनाया प्राकृतिक कीटनाशक

■ एनबीटी, लखनऊ : बांदा निवासी शत्रुघन प्रसाद यादव ने एक ईको फ्रेंडली कीटनाशक तैयार किया है। उन्होंने बताया कि इसे बनाने के लिए गोमूत्र, पानी, बेसन, गुड़, बरगद पेड़ के नीचे की मिट्टी को बराबर मात्रा में एक बर्तन में इकट्ठा कर लें। फिर सामग्री को मिलाकर छायादार जगह पर 3 दिन तक रखें। आखिरी दिन मिश्रण को पानी से अलग कर लें। इस पानी का छिड़काव खेतों में करने से पेड़ों में किसी प्रकार का कोई रोग नहीं लगेगा। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता भी बरकरार रहेगी।



कुंभ पहुंचे किसानों ने उत्सुकता के साथ ड्रोन की ली जानकारी।

## जापान और इस्राइल करेंगे निवेश



■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : इस्राइल और जापान यूपी में कृषि क्षेत्र में निवेश करेंगे। यहां जापान ने यूपी में निवेश करने के लिए करार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में हुए इस करार के साथ ही इस्राइल के सहयोग से कन्नौज और बस्ती में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की शुरुआत की गई। इस्राइल के सहयोग से बस्ती में फलों का और कन्नौज में सब्जियों का सेंटर ऑफ एक्सिलेंस तैयार किया गया है। यहां से किसानों को उन्नत किस्म की पौध दी जाएगी। इस्राइल की प्रभारी राजदूत माया कार्डोस ने कहा कि भारत और इस्राइल मिलकर कृषि क्षेत्र में बहुत कुछ कर सकते हैं। जापान के डिप्टी स्टेट मिनिस्टर टाकमी नकाडा ने यूपी में कृषि एवं उद्योगों को बढ़ावा देने, फूड चेन विकसित करने, अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण के लिए पांच साल का एमओयू साइन किया है। मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह, कृषि मंत्री एसपी शाही, प्रदेश सरकार के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**इजरायल के सहयोग से दो सेंटर ऑफ एक्सिलेंस का उद्घाटन**

## इस्राइली यंत्र से दो घंटे में एक हेक्टेयर फसल की कटान

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ : कृषि कुम्भ में लगी प्रदर्शनी में कई संयंत्र लगे हैं। यहां सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र इस्राइली तकनीक से बना पॉवर मैक्स ब्रश कटर रहा। इसकी मदद से जो दो घंटे में एक अकेला किसान एक हेक्टेयर फसल काट सकता है। इसमें मात्र एक लीटर पेट्रोल की आवश्यकता होती है। इसमें तीन प्रकार के कटर के प्रयोग होते हैं। जिससे धान, गेहूं और पशुओं को खिलाने वाली बरसीम भी काटी जा सकती है। इसमें तीन तरह के ब्लैड है। इससे धान के अलावा पशुओं का चारा बरशेन और बाकी फसल भी आसानी से काटे जा सकते है। इसकी कीमत 12,500 रूपये है।



### ट्रैक्टर के बिना ड्रम सीडर से करें बोआई

अभी तक फसलों की रोपाई या बोआई के लिए ट्रैक्टर के सहारे यंत्र चलाए जाते थे लेकिल अब ड्रम सीडर से अकेला आदमी इसे लेकर चल सकता है। इसमें चार ड्रम लगे हैं जिनमें एक बार में दो किलो बीज एकत्रित किया जा सकता है। इसमें सबसे बड़ा फायदा है कि बोआई से पहले रोपाई की जरूरत नहीं पड़ती है। इसकी कीमत साढ़े आठ हजार रुपये है। इसे प्रोयग करने वाले विनोद बघेल ने बताया कि यह दोनों मशीनों का प्रयोग किसान कर रहें हैं। अब उन्हें अपने खेतों अधिक मजदूर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।

## 'ऊसर खेतों की मिट्टी की जांच जरूर करवाएं'

■ एनबीटी, लखनऊ : यूपी में लगभग 11.50 लाख हेक्टेयर भूमि ऊसर है। ऊसर भूमि सुधारने के लिए सबसे पहले खेत की मिट्टी की जांच करवानी चाहिए। इससे खेत में सोडियम की मात्रा का पता चलता है। सोडियम की मात्रा के अनुसार ही ऊसर खेतों को सही करने की प्रक्रिया अपनानी चाहिए। कृषि कुंभ में इसकी जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम के एएस राठौर ने बताया कि ऊसर खेतों की सबसे ऊपरी परत को खुरपे से खुरच कर निकाल देना चाहिए। फिर इसकी जांच करवाकर रिजल्ट के आधार पर खेतों का ट्रीटमेंट करना चाहिए। आमतौर पर ऊसर खेत को सी, बी और बी प्लस कैटिगरी में बांटा गया है। सी कैटिगरी के खेतों में सोडियम की मात्रा सबसे ज्यादा होती है।

हिन्दुस्तान 27.10.18

गन्ना अनुसंधान संस्थान में कृषि कुंभ शुरू हुआ, मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया

# बीज से बाजार तक की व्यवस्था : मोदी

**कृषि कुंभ**



राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

लखनऊ में शुक्रवार को शुरू हुए कृषि कुंभ में अपने उद्घाटन भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों की आयु दोगुनी करने के लिए बीज से बाजार तक की एक मजबूत व्यवस्था तैयार की जा रही है। देशभर में अब तक 16 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे गए हैं जिसमें अकेले यूपी में तीन करोड़ कार्ड बने हैं।

**पीएम मोदी ने की मुख्यमंत्री योगी की जमकर प्रशंसाः** प्रधानमंत्री ने प्रदेश की भाजपा सरकार की जमकर तारीफ भी की। कहा- सरकार किसानों से उनके उत्पाद खरीदने में रिकॉर्ड स्थापित करती जा रही है। गेहूं को ही लीजिए पिछले वर्ष पूर्व के वर्षों से 7 से 8 गुना गेहूं किसानों से खरीदा गया। यह खरीदारी, तकनीक के माध्यम से सीधे किसानों से की गई और बिचौलियों को बाहर कर दिया गया। ऐसा बदलाव सिर्फ धान-गेहूं की खरीद में ही नहीं रहा बल्कि पहली बार प्रदेश में किसानों से सीधे आलू भी खरीदा गया।

**एथनॉल से बदलेगी किसानों की तस्वीर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सकार ने गन्ने से एथेनॉल बनाने की अनुमति दे दी है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में आमूल-चूल परिवर्तन होगा। किसान पहली बार देश के किसी सरकार के मुख्य एजेण्डे में शामिल किया गया है।

**औद्योगिक क्रांति हुई लेकिन किसान वहीं रह गया-राधा मोहन :** केंद्रीय मोहन सिंह ने कहा कि 48 साल राज करने वाले 48 महीने में क्या किया? ये पूछते हैं तो कुछ सवाल मेरे मन में भी आता हैं। आज़ादी के बाद औद्योगिक क्रांति हुई लेकिन किसान वहीं रह गया। लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान ,जय किसान का नारा दिया। किसी का नाम लिए बगैर कांग्रेस नेताओं की ओर इशारा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि बहुत सारे लोग स्वामीनाथन का नाम लेते हैं, राजकुमार तो बहुत नाम लेते हैं लेकिन 2006 में रिपोर्ट आई। कहाँ सोए थे तब...? स्वामीनाथन ने खुद कहा कि वर्ष 2006 में रिपोर्ट आई लेकिन मोदी सरकार आने पर बहुत काम हुआ। मोदी सरकार में बहुत निर्णय लिए गए। यह भी कहा कि देश बदल गया ऐसा नहीं मानता लेकिन 2022 आते-आते देश जरूर बदल जाएगा।

**जापान-यूपी के बीच हुआ करारः** कृषि कुंभ में उत्तर प्रदेश सरकार और जापान के बीच तकनीकी सहयोग पर सरकार यूपी में कृषि के क्षेत्र में निवेश किसानों तक पहुंचाने में पूरी मदद भी की स्थापना के लिए इजराइल के साथ



गन्ना अनुसंधान संस्थान तेलीबाग में शुक्रवार को आयोजित कृषि कुंभ में जापान के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। • हिन्दुस्तान

## कचरा भी कंचन बन सकता हैः मोदी



• नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पराली जिसे वेस्ट के रूप में देखा जाता है उसे वेल्थ के रूप में कैसे बदला जा सकता है उस पर सोचने की जरूरत है। हमें यह याद रखना होगा कि खेत की हर वस्तु सोना से कम नहीं होती। हमें तकनीकी आधारित ऐसी व्यवस्था ढूंढनी पड़ेगी जिससे किसानों के लिए पराली जलाने की नौबत ही न आ सके। पराली किसानों के लिए लाभप्रद उत्पाद बन जाए।

## कृषि कुंभ किसानों के लिए संजीवनीः योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों की बेहतरी के लिए यह कुंभ संजीवनी का काम करेगा। प्रदेश में अपनी तरह का यह पहला आयोजन है। इजराइल सरकार के सहयोग से बस्ती एवं कन्नौज में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया है। उत्तर प्रदेश में उर्वर भूमि बहुत अधिक है लेकिन तकनीक के अभाव के कारण किसानों को कृषि से लाभ नहीं मिल रहा है।

उन्होंने कहा हमारी सरकार के मुख्य एजेंडे में किसान सबसे ऊपर हैं लिहाजा हम उनके निरंतर उन्नयन के लिए काम कर रहे हैं। प्रदेश में 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र कॉलेज आ रहे हैं । यूपी दूध, गन्ना, धान एवं गेहूं के उत्पादन में देश में नंबर वन पर है। आजादी के बाद देश में पहली बार किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना अधिक दाम दिलाया जा रहा है। प्रदेश की तीन बड़ी सिंचाई योजनाओं में से एक में ही एक लाख 98 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित क्षेत्र बनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किसान का हित सर्वोच्च प्राथमिकता में है लिहाजा बहुत कम समय में प्रधानमंत्री बीमा योजना का लाभ देने के लिए व्यापक अभियान चलाया या है।

## मुख्यमंत्री के भाषण की प्रमुख बातें

- प्रदेश अपनी उर्वरा शक्ति के कारण देश व दुनिया में जाना जाता है
- भूमि की उर्वरा शक्ति को मापने के लिए स्वायल हेल्थ कार्ड की व्यवस्था की गई है
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को काफी लाभ मिल रहा है
- यदि किसानों को सही जानकारी उपलब्ध हो जाए तो प्रदेश की धरती में इतनी क्षमता है कि पूरी दुनिया के लिए वह अनाज पैदा कर सकती है
- किसान अपने पुरुषार्थ से प्रदेश को समृद्ध बना सकते हैं
- कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से कृषकों को काफी लाभ हुआ है
- राज्य सरकार ने पिछले डेढ़ वर्षों में रिकार्ड संख्या में किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड जारी किया है
- गन्ना किसानों की बेहतरी के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है
- प्रदेश में नवम्बर के पहले सप्ताह से गन्ना पेराई सत्र की शुरुआत की जाएगी
- आने वाले समय में गन्ना से एथेनाल बनाने का कार्य होगा, तब किसानों की आर्थिक दशा में और सुधार होगा

दैनिक जागरण 27.10.18

# ऊखी के खेत मा लगल बा मेला... वाह! जोगी बाबा

जितेंद्र उपाध्याय, लखनऊ :

'इ तो ऊखी के खेत में लगल बा मेला... ।' गाजीपुर जिले के भदौरा तहसील के बभनौलिया गांव से आए प्रगतिशील किसान गौरीशंकर ने जब खेतों के बीच सूट बूट वाले वैज्ञानिकों को, सहज भाषा में कृषि और तकनीक का ज्ञान साझा करते देखा तो दंग रह गए। शब्दों में हैरत, गदगद भाव और चेहरे पर गरिमा झलक रही थी। ठेठ भोजपुरी में बोल पड़े, 'वाह! जोगी बाबा, वाह।'

दरअसल, राजधानी में ऐसे कृषि कुंभ की कल्पना न की थी। तेलीबाग में गन्ने के खेत के पास लगे कृषि कुंभ को देखकर गौरीशंकर अचंभित हो उठे। सिर्फ गौरीशंकर नहीं, कुछ इसी तरह के भाव सभी किसानों के थे। भारतीय गन्ना अनुंसधान संस्थान में गन्ने के खेतों की पगडंडी से होकर वह कृषि कुंभ में दाखिल हुए। मुख्य सड़क पर मोबाइल लिये किसान के पुतले को देखा और उसे छूकर देखने का प्रयास किया। भौचक्के से वह अपने साथी किसानों के साथ ही प्रदर्शनी की ओर मुड़ गए। जापानी तकनीक से बनी सोलर मशीन के स्टाल पर सहमे से पहुंचे। वहां खड़े गुलाब किशोर से मशीन के बारे में पूछा तो जवाब एक्सपर्ट डॉ. सुशील यादव ने दिया। उन्हें कीटनाशक छिड़काव वाली मशीन के बारे में बताया। किसान गौरीशंकर पांडेय ने पूछा...साहब केतने का हऊ मशीनियां...। एक्सपर्ट ने कहा कि मोबाइल के दाम के बराबर ही है। तभी उनकी नजर पानी शुद्ध करने वाली जापानी मशीन के स्टॉल पर पड़ी तो पूछ लिया, 'इ का हउ भइया...।' एक्सपर्ट ने बताया कि ये पानी शुद्ध करने वाली मशीन है। आगे बढ़े और फिर इजरायल के स्टॉल पर रुके।

स्टाल पर दो युवतियां बैठी थीं, किसान गौरी शंकर साथियों से संकोचभाव में बोले...इ लइकियन के का पता होई, अंदरवां बइठल बा ओका बोलावा, उही से पूछल जाय...। उन्हें देखकर स्टाल पर बैठे जीपी शर्मा आए। सिंचाई की आधुनिक तकनीक और खारे पानी में सिंचाई से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। विदेशी कंपनी देखकर गौरीशंकर लड़खड़ाती हुई खड़ी बोली में बोले, अच्छा इ बताइए हमरे इहां कुछ ऊसर वाली जमीन है, उसमे काम करेगा का...। कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि कैसी भी जमीन हो, यह तकनीक काम करेगी। गौरीशंकर बोले अच्छा साहब ठीक बा...।

इसके बाद गन्ने के खेत में होने वाले खरपतवार को नष्ट करने वाले इजरायली तकनीक की जानकारी ली। उसके आगे बढ़े तो लघु सिंचाई तकनीक के बारे में जानकारी ली।



लखनऊ में शुक्रवार को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित कृषि कुंभ की प्रदर्शनी में गाजीपुर से आए गौरीशंकर पांडेय। जागरण

## विज्ञान और किसान

- सूटबूट वालों ने की कुर्ता-गमछे वाले किसानों की आवभगत
- गाजीपुर से आए किसान गौरीशंकर ने पहली बार देखा ऐसा कृषि कुंभ

## खेत नहीं पौधे को दें पानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : कृषि कुंभ में इंडो-इजरायल पार्टनरशिप के तहत आयोजित तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों ने टपक सिंचाई की खूबियां बताई। उन्होंने बताया कि सिंचाई की यह तकनीक खेत की बजाय पौधों तक पानी पहुचाने पर आधारित है। इसमें संसाधनों की कम खपत से ज्यादा उपज हासिल की जा सकती है।

## ऐ भइया, ई मशीनियां पर हम चढ़ि जाई...

उद्यान विभाग के स्टाल पर पहुंचे गौरीशंकर जिमिकंद को देख बोले इ त सूरन हऊ ..., उठाकर वजन चेक किया, बोले बड़ा भारी बा हो ...। आगे बढ़े तो नितिन सिंह के शहद के स्टॉल पर मधुमक्खी पालन के बारे में जानकारी ली। तभी, अचानक मोमबत्ती को देखा तो पूछे, भइया इहौ मधुइया से बने ला का ...। नितिन ने कहा कि हा दादा, इसका भी फायदा मिलता है। अच्छा आपन कगजवा दइदा, घरे पहुंच के बतियाइब तोह से ...। फिर गौरी शंकर हार्वेस्टर के पास पहुंचे और बोले भइया मशीनिया पर चढ़ जाई ..., देखी कइसन लागता ...। स्टाल पर मौजूद स्मृता पांडेय और हरिओम शर्मा ने गौरीशंकर को मशीन की जानकारी दी और फिर उन्हें मशीन पर ले गए।

## यूपी के किसानों में पूरी दुनिया के लिए अन्न उत्पादन की क्षमता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : कृषि कुंभ-2018 के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए किसानों की भी खुले दिल से सराहना की। उन्होंने दावा किया कि यूपी के किसानों में पूरी दुनिया के लिए अन्न उत्पादन करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि 23 करोड़ आबादी वाला प्रदेश अपनी उर्वरा शक्ति के लिए पूरे विश्व में पहचाना जाता है। यहां के किसानों ने तकनीकी तौर से पूर्णत सक्षम नहीं होते हुए भी अपनी मेहनत और लगन से प्रदेश को आलू, गन्ना और दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान पर ला दिया। योगी का कहना था कि पहली बार किसान सरकार के एजेंडे में आया है। उन्होंने केंद्र द्वारा किसानों की भलाई में किए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने खेत की मिट्टी को बचाने के लिए मृदा हेल्थ कार्ड की व्यवस्था की। डेढ़ वर्ष के भीतर रिकार्ड संख्या में किसानों को मृदा हेल्थ कार्ड जारी किए गए हैं। एक लाख 98 हजार हेक्टेयर रकबे में अतिरिक्त सिंचाई की व्यवस्था भी की है। प्रत्येक जिले में एक और बड़े जिले में दो कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित कराने की स्वीकृति दिए जाने पर प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने इस दिशा में कार्य नहीं किया। इजराइल और जापान से कृषि क्षेत्र में तकनीकी जानकारी देने व निवेश बढ़ाने के लिए किए समझौतों की जानकारी देते हुए योगी ने कहा कि किसानों की भलाई के लिए पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने फसल बीमा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए ठोस फैसले लिए हैं।

## सीएम ने स्वच्छता में योगदान के लिए की सुप्रीम इंडस्ट्रीज की सराहना

लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय कृषि कुंभ मेले के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने स्वच्छता अभियान में विशेष सहयोग कर रही सुप्रीम इंडस्ट्रीज के यूरिनल एवं सेप्टिक टैंक का निरीक्षण किया। सीएम ने कंपनी के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर कंपनी के एरिया मैनेजर प्रदीप बाजपेई ने मुख्यमंत्री को फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। कंपनी को स्वच्छता अभियान में विशेष सहयोग करने पर चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित किसान मेला में प्रथम पुरस्कार भी दिया गया। कंपनी रेडीमेड टायलेट, यूरिनल सेप्टिक टैंक का निर्माण भी कर रही है।

## स्वामीनाथन रिपोर्ट को लेकर सोते ही रहे 'राजकुमार' : राधामोहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : कृषि कुंभ के उद्घाटन समारोह में भाग लेने पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने कांग्रेस पर खूब निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन रिपार्ट को लेकर अब सवाल उठाने वाले राजकुमार 2006 से अभी तक खाट पर सोए हुए थे। स्वामीनाथन रिपोर्ट वर्ष 2006 में प्रस्तुत कर दी गई थी परंतु उस पर कभी ठोस कार्य नहीं हुआ। मोदी सरकार ने रिपोर्ट पर गंभीरता से काम शुरू किया है तो राजकुमार को स्वामीनाथन की याद आ रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि स्वामीनाथन ने स्वयं अपने एक आलेख में कहा है कि मोदी सरकार द्वारा रिपोर्ट पर बहुत कार्य कराया गया। राधामोहन ने तंज किया कि राजकुमार को किसानों की नहीं केवल अपना वंश मजबूत बनाने की चिंता है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में 48 वर्ष एक परिवार को शासन रहा है।

दैनिक जागरण 27.10.18

# अन्नदाता बनेगा ऊर्जादाता : मोदी

## पीएम ने पहले कृषि कुंभ के उद्घाटन समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया संबोधित

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वो दिन दूर नहीं जब देश का अन्नदाता (किसान) ऊर्जादाता भी बनेगा। खेतों में फसलों के साथ ही सौर ऊर्जा भी पैदा होगी। अपनी जरूरत पूरी करने के बाद किसान अतिरिक्त बिजली बेच भी सकेगा। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान (आइआइएसआर) में आहूत प्रथम कृषि कुंभ के उद्घाटन समारोह को दिल्ली से वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये संबोधित करते हुए किसानों की आय वृद्धि के लिए बीज से बाजार तक व्यवस्था में सुधार की बात कही।

गुजरात के एक गांव का हवाला देते हुए मोदी ने बताया कि वहां खेतों पर पैदा सौर ऊर्जा से किसान 50 हजार रुपये प्रति वर्ष कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 25 लाख सोलर पैनल लगाने की दिशा में काम हो रहा है। कृषि कुंभ के ऐतिहासिक आयोजन से लाखों किसान लाभान्वित होंगे और इससे खेती को बेहतर बनाने के रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि किसान तकनीक की ओर तेजी बढ़ा है। बिजली पंप को सोलर पंप में बदलने लगा है। विद्युत व डीजल से चलने वाले सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा से चलाने का अभियान शुरू है।

**अब मीठी क्रांति :** प्रधानमंत्री ने किसानों की जमकर सराहना भी की। मोदी ने कहा कि देश अब सफेद व नीली क्रांति से आगे, मीठी क्रांति (स्वीट् रिवोल्यूशन) की ओर कदम बढ़ाने होंगे। प्रधानमंत्री का मतलब पशुपालन व मत्स्य पालन की तरह ही मौनपालन व चीनी खांडसारी व्यवसाय को प्रोत्साहित कर किसानों की आय बढ़ाने से था। उन्होंने कहा कि 2022 में जब देश आजादी के 75 वर्ष पूरे करेगा तब किसानों की आय दोगुना करने को सरकार संकल्पबद्ध है।

समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह, कृषि राज्यमंत्री कृष्णा राज, बिहार के कृषि मंत्री प्रेम कुमार व उत्तराखंड से सुबोध उनियाल भी मौजूद थे। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कृषि उत्पादन आयुक्त प्रभात कुमार ने आभार जताया।

संबंधित खबरें >> 14



**अभिनंदन किसान का**

यूपी का किसान इतना मेहनती है कि देश भर का 20 फीसद खाद्यान्न उत्पन्न करता है। इसके लिए मैं उन सबका अभिनंदन करता हूं।

**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री



शुक्रवार को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित कृषि कुंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सम्मान करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही • जागरण

### बड़े फैसलों के लिए योगी सरकार की पीठ ठोंकी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनकी टीम को बधाई देना भी मोदी नहीं भूले। उन्होंने कहा कि खेतों की सेहत सुधारने के लिए 16 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे गए हैं, इनमें अकेले उप्र में तीन करोड़ कार्ड बनाए गए। योगी सरकार कृषि उत्पाद खरीदने में रिकार्ड बना रही है। पिछले वर्ष पूर्व के वर्षों से सात से आठ गुना गेहूं किसानों से सीधे खरीदा गया। पहली बार किसानों से सीधे आलू खरीदा गया। गन्ने की खरीद व भुगतान पर भी प्रधानमंत्री ने सरकार की पीठ थपथपायी।

### सीएम ने किया कन्नौज और बस्ती में बने फूड प्रोसेसिंग फॉर एक्सीलेंसी का लोकार्पण

प्रधानमंत्री के संबोधन से पूर्व दीप प्रज्जवलित करके कृषि कुंभ का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औपचारिक उद्घाटन किया। इस मौके पर इजराइल के सहयोग से कन्नौज व बस्ती में बने फूड प्रोसेसिंग फॉर एक्सीलेंसी का लोकार्पण किया गया। जापान से प्रदेश में कृषि निवेश बढ़ाने का अनुबंध हुआ।

# Mini Kumbh to take farming tech, schemes to all districts

## Many Sops Announced; Focus On Controlling Pollution

Subhash.Mishra
@timesgroup.com

Representational photo



SEEDS OF PROSPERITY

**Lucknow:** Showering farmers with a series of sops, agriculture minister Surya Pratap Shahi said that 'Krishi Kumbh' would be organised at the district level so that farmers who have not been able to attend it in Lucknow can avail of government facilities and programmes at their doors.

The 'mini-Kumbhs', to be held at Krishi Vigyan Kendras, will start from December 15. Shahi was speaking on the concluding day of the three-day Krishi Kumbh at the Indian Institute of Sugarcane Research in Lucknow.

The first-of-its-kind initiative brought farmers and individuals from the farm sector under one roof. It aimed to recognise developments in agriculture, put a spotlight on harvest management and stubble burning and on usage of alternative sources of energy.

Inaugurated by Prime Minister Narendra Modi through video conferencing on October 26, its last day had governor Ram Naik as chief guest and Assembly Speaker Hriday Narain Dixit as special guest. Chief minister Yogi Adityanath and Union agriculture minister Radha Mohan Singh were also present on the first day. Japan's minister Takami Nakada, who also attended, announced investment of Japanese companies in UP's agricultural sector. Awards were given to progressive farmers and students who participated in a painting competition to create awareness around pollution, mainly stubble burning.

Shahi said the Prime Minister was committed to doubling the income of farmers through various measures. The UP government, he said, had decided to enhance subsidy to all farmers on farm machines by up to 80%. Earlier, this was on first come, first served basis, leading to long waiting lists. Besides, the subsidy was restricted to 50%. The event also had international scientists who spoke on waste recycling, trash burning and organic farming.

"We imparted training to young and established farmers on how to use solar fencing, increase crop production by using hay, and also on how to make more money in fish farming by recycling water," said Shahi. Governor Ram Naik, who has submitted a report to the President on the measures to be adopted by the state and central governments to achieve the target of doubling farmer income, said it was unique how people from the grassroots farmers to the President were working for the cause.

Dixit, meanwhile, said that for the first time, farmers had been treated as the real guests and given respect because of the event.

# अन्नदाता से ऊर्जादाता बनेंगे किसान : मोदी

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया लखनऊ में कृषि कुंभ का उद्घाटन

## कहा, बिजली कंपनियों को सौर ऊर्जा बेचने से किसानों की बढ़ेगी आमदनी

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब देश का किसान अन्नदाता से ऊर्जादाता बनेगा। अपनी आवश्यकता से अधिक पैदा की गई सौर ऊर्जा बिजली कंपनियों को बेचेगा। इससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

मोदी शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजधानी के भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित किसान कुंभ के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम बिजली और डीजल के स्थान पर सोलर सिंचाई पंप के इस्तेमाल की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। चार वर्षों में 28 लाख किसानों के खेतों में सोलर सिंचाई पंप लगाए जाएंगे। इससे किसानों को न सिर्फ मुफ्त बिजली मिलेगी, बल्कि वे अपनी जरूरत से ज्यादा बिजली बेच पाएंगे। यह किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगा। प्रयागराज में जनवरी से शुरू होने वाले कुंभ से पहले ही लखनऊ में कृषि कुंभ का आगाज हुआ है। 50 हजार किसानों के अलावा देश-विदेश के वैज्ञानिक इसमें हिस्सा ले रहे हैं। यह आयोजन कृषि के विकास को नई दिशा देगा।

**इस्राइल और जापान का मिलेगा सहयोग :** पीएम ने कहा, यूपी से सांसद होने के नाते यहां के किसानों के सुख-दुख में शामिल होना मेरा फर्ज है। कुछ दिनों पहले मैंने यहां बड़े किसान मेले लगाने का सुझाव दिया था। कृषि कुंभ उसी का नतीजा है। इससे जहां कृषि कुंभ के पार्टनर देश इस्राइल और जापान का सहयोग यूपी को मिलेगा, वहीं पार्टनर राज्य हरियाणा को भी फायदा होगा। यह आयोजन कृषि में उन्नत तकनीक के इस्तेमाल का रास्ता खोलेगा।

**सरकार के केंद्र में हैं गांव-किसान :** पीएम ने कहा कि किसान को कोई आगे नहीं लाता, बल्कि किसान देश को आगे लाता है। उनकी सरकार के केंद्र में गांव-किसान हैं। सरकार वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। सिंचाई के बड़े प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम हो रहा है। टपक सिंचाई और सूक्ष्म सिंचाई से कम पानी में अधिक उत्पादन लेने की विधियां विकसित की जा रही हैं।



भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में किसान कुंभ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते पीएम मोदी, मंच पर मौजूद सीएम योगी, केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह व प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही।

### योगी सरकार के कामों की तारीफ

मोदी ने कहा कि देश के खाद्यान्न का 20 प्रतिशत उत्पादन यूपी में होता है। केंद्र सरकार ने रबी और खरीफ की 21 फसलों के मूल्य में वृद्धि की है। लागत पर 50 प्रतिशत लाभ किसानों को मिलेगा। योगी सरकार ने जहां पिछली सरकार के मुकाबले 7-8 गुना ज्यादा गेहूं की खरीद की, वहीं, किसानों के खाते में सीधे राशि भेजी। इससे बिचौलियों का राज खत्म हुआ। पहली बार यूपी में आलू की खरीद गई। सरकार ने गन्ना किसानों को 27 हजार करोड़ से अधिक भुगतान किया है। पिछली सरकार के कार्यकाल का 11 हजार करोड़ रुपये का भी भुगतान किया।

### आलू, प्याज व टमाटर उत्पादकों के लिए विशेष योजना

पीएम ने कहा कि खेती से जुड़ी नई तकनीकों का लाभ किसानों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी 700 कृषि विज्ञान केंद्रों को दी गई है। वाराणसी में चावल अनुसंधान केंद्र पर काम हो रहा है। खाद्य प्रसंस्करण को भी खास बढ़ावा दिया जा रहा है। आलू, प्याज और टमाटर उत्पादक किसानों के लिए 'टॉप' योजना की शुरुआत की गई है।

### कृषि क्षेत्र में बढ़ रहे निवेश के रास्ते

पीएम ने कहा कि यूपी में कृषि क्षेत्र में निवेश के नए-नए रास्ते खुल रहे हैं। इंवेस्टर्स समिट में फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में 16 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आए थे। इनमें से 3500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण भी हो चुका है।

### रोबोट और ड्रोन तकनीक का करें इस्तेमाल

पीएम ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञ किसानों के साथ बैठकर नई तकनीक पर मंथन करें। खेती में रोबोट और ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल करें। खेत के अंदर कोई चीज व्यर्थ नहीं होती। उन्हें कचरे से कंचन बनाने के गुर सिखाएं। पराली जलाने की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए किसानों को जागरूक करें।

## 48 साल राज करने वाले मांग रहे 48 महीनों का हिसाब : राधामोहन

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा, वर्ष 2006 में आई स्वामीनाथन रिपोर्ट यूपीए सरकार ने क्यों नहीं लागू की

**लखनऊ।** केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने कहा कि देश में एक ही परिवार ने 48 साल तक राज किया। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि आज उसी परिवार का एक राजकुमार हमसे 48 महीनों का हिसाब मांग रहा है। कांग्रेस ने कृषि और किसान के विकास से जुड़ी योजनाओं की उपेक्षा ही। उसने अपने शासनकाल में स्वामीनाथ रिपोर्ट पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया, जबकि मोदी सरकार इस पर काम कर रही है। उन्होंने ये बातें शुक्रवार को कृषि कुंभ के उद्घाटन अवसर पर कहीं।

उन्होंने कहा कि हमें आजादी एक दिन पहले मिल गई थी, पर कांग्रेस ने इसकी घोषणा एक दिन बाद 15 अगस्त 1947 को की। उससे पहले महात्मा गांधी द्वारा गठित अंतरिम सरकार में राजेंद्र प्रसाद और सरदार पटेल को मंत्री बनाया गया था पर, आजादी के बाद बनी सरकार ने किसानों की ओर ध्यान नहीं किया। लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री रहते जय जवान-जय किसान का नारा देकर उनकी दशा सुधारने का प्रयास किया था। देश में हरित क्रांति लाई गई, पर इसके साइड इफेक्ट पर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजतन, 1980 में अकाल पड़ा। राधामोहन सिंह ने कहा कि आज कांग्रेस समेत विपक्षी दल स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करने की बात कर रहे हैं। यह रिपोर्ट 2006 में ही आ गई थी तब कांग्रेस ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? स्वामीनाथन ने एक आर्टिकल में कहा कि मोदी सरकार बनने के बाद पहली बार उनकी रिपोर्ट के आधार पर काम शुरू हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि पहली बार देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है, जो गली, खेत और प्लेटफॉर्म पर सोया है। चार साल में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। यूपी भी सौभाग्यशाली है, जिसे योगी आदित्यनाथ जैसा कर्मयोगी मुख्यमंत्री मिला है। ब्यूरो

# हर जिले में कृषि विकास केंद्र खोलेगी सरकार : योगी

## गन्ने से एथेनॉल बनाने की अनुमति से बदलेगी किसानों की तकदीर

**लखनऊ।** कृषि कुंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हर जिले में कृषि विकास केंद्र (केवीके) खोले जाने की घोषणा की। बड़े जिलों में दो केवीके खोले जाएंगे।

योगी ने कहा कि जब हमारी सरकार बनी, तो प्रदेश में मात्र 69 कृषि विज्ञान केंद्र थे। सरकार ने 20 नए केंद्रों को मंजूरी दिलवाई है। इनके निर्माण का काम चल रहा है। इन केंद्रों को कृषि विश्वविद्यालयों से जोड़ा जा रहा है। सीएम ने कहा कि डेढ़ साल में गन्ने का रकबा दोगुना किया और यूपी गन्ना उत्पादन में दोबारा नंबर एक हुआ है। चीनी मिलों को गन्ने से एथेनॉल बनाने की अनुमति देने से किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। उन्हें गन्ने का समय से और उचित मूल्य का भुगतान हो सकेगा।

बाणसागर परियोजना से 14 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित करने जा रहे हैं। मध्य गंगा परियोजना के तहत पश्चिमी यूपी में कार्य शुरू किया। वर्षों से लंबित अन्य सिंचाई परियोजनाओं पर भी काम हो रहा है। अब तक एक लाख 98 हजार हेक्टेयर जमीन की सिंचाई की व्यवस्था की जा चुकी है। ड्रिप सिंचाई में 80 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी योजना शुरू की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लागत से डेढ़ गुना समर्थन मूल्य घोषित करके आजादी के बाद किसान हित में सबसे बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में धान पर एमएसपी के अलावा प्रति क्विंटल 20 रुपये बोनस भी दिया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि प्रधानमंत्री बीमा योजना का किसान को अधिकाधिक लाभ दिया जाए सीएम ने कहा कि यूपी में पहली बार कृषि कुंभ हो रहा है। जापान और इस्राइल ने कृषि क्षेत्र में बेहतर काम किया है। कुंभ में हमारे किसानों को वहां हुई कृषि क्रांति के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। ब्यूरो



भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में गाय को घास खिलाते सीएम योगी।

### ...तो यूपी का किसान होगा सबसे समृद्ध, दुनिया का पेट भरेगा

योगी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य हासिल करने में दिक्कत नहीं आएगी। अगर सारी योजनाएं जमीन पर उतर आएंगी, तो यूपी का किसान सबसे समृद्ध होगा। उत्तर प्रदेश अपनी उर्वरा शक्ति के लिए जाना जाता है। यहां के किसानों को कृषि तकनीकों की सही जानकारी हो जाए तो वे पूरी दुनिया के लिए अन्न का उत्पादन कर सकते हैं।




## बस्ती में फल और कन्नौज में सब्जी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कृषि कुंभ में शुक्रवार को इस्राइल के सहयोग से बस्ती और कन्नौज में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। बस्ती में फल और कन्नौज में सब्जी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की गई है। यूपी और जापान के बीच कृषि निवेश के लिए एमओयू भी साइन किया गया। इन दोनों देशों के पास कृषि को बढ़ावा देने के लिए अच्छी तकनीक है। इसका लाभ प्रदेश के किसानों को मिलेगा। उनकी आय में बढ़ोतरी हो सकेगी।

इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, इस्राइल के राजदूत माया कोडाश, जापान के डिप्टी असिस्टेंट मिनिस्टर तकामी नाकाडा, मुख्य सचिव डॉ. अनूप चंद्र पांडे, प्रमुख सचिव अमित मोहन प्रसाद, कृषि निदेशक सोराज सिंह और संत राम कौशल भी उपस्थित रहे। एपीसी प्रभात कुमार ने आभार व्यक्त किया।

### आज होंगे नौ तकनीकी सत्र

तीन दिवसीय कृषि कुंभ में शनिवार को 9 तकनीकी सत्र होंगे। सुबह 11 बजे फसल अवशेष प्रबंधन पर राज्यस्तरीय कार्यशाला होगी। इसमें केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कृष्णा राज और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मौजूद रहेंगे।

**किसानों की आमदनी बढ़ाने पर मंथन :** कृषि कुंभ के प्रथम तकनीकी सत्र में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, पानी और अन्य अवयवों तथा संसाधनों और जनशक्ति के उपयोग पर चर्चा हुई। द्वितीय सत्र में कृषि नीति में सुधार एवं अधिनियम, कृषि वानिकी क्षेत्र में उदारीकरण व सरकार की एथेनॉल नीति समेत कृषि अवशिष्टों के उपयोग पर चर्चा हुई। तीसरे सत्र में फसल संरक्षण, वर्षा आधारित क्षेत्रों में अधिक उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि के लिए जैविक कृषि पर मंथन किया गया। फसल प्रणाली और परंपरागत कृषि विकास योजना पर भी चर्चा हुई। ब्यूरो



## प्रदर्शनी में उन्नत कृषि यंत्र देख वाह-वाह कर उठे किसान

**लखनऊ।** कृषि कुंभ में तरह-तरह के आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह समेत सभी मंत्रियों और विशेषज्ञों ने इन यंत्रों की विशेषताएं जानीं। सीएम योगी तथा अन्य गणमान्य लोगों ने ई-रिक्शा पर बैठकर कृषि कुंभ में लगी विभिन्न प्रदर्शनियां देखीं।

प्रदर्शनी में इस्राइल में बनी पावर मैक्स ब्रश कटर भी रखी गई है। इससे दो घंटे में अकेला आदमी एक हेक्टेयर फसल काट सकता है। बरसीम भी काटी जा सकती है। इसमें महज एक लीटर पेट्रोल खर्च होता है। ड्रम सीडर का भी प्रदर्शन किया गया। इसमें एक बार में दो किलोग्राम बीज डालकर बोआई की जा सकती है। रायबरेली के किसान विक्रम सिंह, बरेली के किसान रामभरोसे मौर्य, मलिहाबाद दीपक प्रजापति ने कहा कि प्रदर्शनी देखकर लगा कि कम लागत में अधिक उत्पादन के लक्ष्य को आसानी से पाया जा सकता है।

लोकभारती संस्था के कैंप में गाय के गोबर और गोमूत्र के लाभ बताए गए। खतरनाक रसायनों के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे कैंसर का खतरा रहता है। लघु सिंचाई विभाग की ओर से वाटर रिचार्जिंग सिस्टम का मॉडल लगाया गया। आदर्श आंगनबाड़ी सेंटर का भी मॉडल प्रदर्शित किया गया। कृषि, शाकभाजी, उद्यान, पशुपालन, फूलों की खेती, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि यंत्रीकरण, बागवानी, दुग्ध और मत्स्य पालन समेत सभी क्षेत्रों के बारे में विशेषज्ञों ने किसानों को जानकारी दी। अमेठी के सॉइल कंजर्वेशन अधिकारी एचके मिश्रा की ओर से कम पानी में अधिक फसल की

### ...महिलाओं ने किया हंगामा

जिस समय पीएम नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे, उसी समय मुख्य पांडाल में पीछे बैठे लोगों के बीच किसी ने खाना बांटे जाने की बात कह दी। महिलाएं उठकर बाहर जाने लगीं। अधिकारियों ने रोकने की कोशिश की तो वे हंगामा करने लगीं। अफसरों ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत किया।

### कार्यक्रम खत्म होते ही जल उठा जेनसेट

उद्घाटन कार्यक्रम खत्म होते ही मुख्य पांडाल के बाहर लगा जेनरेटर धू-धू कर जल उठा। अधिकारियों और कर्मचारियों ने पानी डालकर आग को काबू में किया। हालांकि आग से कोई नुकसान नहीं हुआ, पर थोड़े समय के लिए अफरा-तफरी मची रही।

# पराली जलाने की मजबूरी खत्म करने को तकनीकी उपाय की दरकार



कृषि फार्म को देखते मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ

## गन्ना किसानों को भुगतान पर सरकार की पीठ थपथपायी

## गेहूं की हुई रिकार्ड खरीद

एन बी टी 28.10.18

# कृषि यंत्रों की खरीद पर अनुदान 7 नवंबर तक

## कृषि मंत्री ने किया ऐलान, 50 से 80% तक मिलेगी सब्सिडी

**एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ**

पूरे प्रदेश के किसान अब सात नवंबर तक कृषि यंत्रों की खरीद पर अनुदान पा सकेंगे। यह जानकारी कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि कुंभ में दी। उन्होंने बताया कि इन यंत्रों पर किसानों को 50 से 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी मिलेगी और 'आउट ऑफ टर्न' दिए जाएंगे। पराली की समस्या से निपटने के लिए पहले यह छूट सिर्फ पश्चिमी यूपी के छह मंडलों के लिए थी, जिसकी आखिरी तारीख 30 अक्टूबर थी।



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

कृषि कुंभ में 'कृषि अवशेष प्रबंधन' पर संगोष्ठी में ऐसे यंत्रों की जानकारी दी गई, जो पराली की समस्या से निपटने के साथ ही उसे खाद में तब्दील करने और साथ ही बोवाई भी करते हैं। ऐसे सात यंत्रों की जानकारी विशेषज्ञों ने दी। प्रमुख सचिव कृषि अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि इन यंत्रों में से एक की खरीद पर 50 प्रतिशत अनुदान सरकार देगी। वहीं, तीन यंत्र खरीदते हैं तो 80 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। यहां शाही ने ऐलान किया कि अब पूरे प्रदेश में 'आउट ऑफ टर्न' ये कृषि यंत्र दिए जाएंगे। जो किसान सात नवंबर तक यंत्र खरीद के कागज जमा कर देंगे, वे अनुदान के हकदार होंगे।

### कृषि कुंभ 2018



भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान परिसर में लगी प्रदर्शनी देखने पहुंचे किसान।

### 'सपा सरकार ने सैफई में नाच-गानों पर किया खर्च'

शाही ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बयान के जवाब में कहा कि अपनी सरकार में नाच-गानों पर खर्च करके सैफई महोत्सव मनाने वाले आज किसानों के हित की बात कर रहे हैं। हम तो किसानों के लिए कुंभ का आयोजन कर रहे हैं। याद दिलाना चाहूंगा कि सपा सरकार में सात लाख टन गेहूं की खरीद होती थी। भाजपा सरकार में पिछले साल 37 लाख टन और इस साल 53 लाख टन गेहूं की खरीदा गया। किसान हितैषी कौन है, ये आंकड़े बोलते हैं।

### खेती के लिए बाजार से कुछ नहीं खरीदते



कृषि राज्य मंत्री रणवेंद्र प्रताप

गोष्ठी में कृषि राज्य मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह ने खुद अपनी खेती के अनुभव बताए। उन्होंने कहा कि वह खेती के लिए बाजार से कुछ नहीं खरीदते। सिर्फ गाय के गोबर, गोमूत्र और हरी खाद से खेती करते हैं। उनका गेहूं, धान और गन्ना कई गुना दाम पर बिकता है। बीएचयू के प्रफेसर अनुपम कुमार नेमा ने पराली से होने वाले नुकसान और उसे हरी खाद में बदलने के तरीके बताए। बीएचयू के ही प्रफेसर जिलानी ने कई उदाहरण देकर उद्यमिता के लिए किसानों को प्रेरित किया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कृष्णा राज ने आय दोगुनी करने के लिए केंद्र सरकार की कई योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, आबकारी मंत्री जय प्रताप सिंह ने गन्ने से बायो एथिनॉल बनाने की जानकारी दी। पशुपालन मंत्री एसपी सिंह बघेल, सांसद जगदंबिका प्रसाद और श्रम राज्य मंत्री मनोहर लाल उर्फ मुन्नू कोरी ने भी जैविक खेती पर बात रखी।

### विशेषज्ञों की राय

#### 'खेत से जुड़ी कोई भी चीज बेकार नहीं होती'

**एनबीटी, लखनऊ** : शुगरकेन इंस्टिट्यूट में चलने वाले तीन दिवसीय कृषि कुम्भ में प्लांट प्रोटेक्शन यूनिट, सीतापुर के साइंटिस्ट डीएस श्रीवास्तव कृषकों को आय दोगुनी करने के गुण सिखा रहे हैं। वे बताते हैं कि खेत की फसल का एक एक हिस्सा उपयोगी है। उसे सहेज के रखना चाहिए। सरसों के बीज से लेकर खली, फूल, पत्तियां सब उपयोगी है। यहां तक की सरसों के पेड़ के नीचे की मिट्टी की भी अपनी एक अलग उपयोगिता होती है। उसकी फूल और पत्तियां कई प्रकार के औषधीय गुणों से भरपूर रहता है।

#### एक जगह विभिन्न खेती से बढ़ेगी मिट्टी की उर्वरता

**एनबीटी, लखनऊ**: एक ही खेत में शीशम, बैंगन, आलू, आम, फूल आदि पेड़-पौधे लगाने से मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बढ़ जाती है। यह जानकारी एग्रोफोरेस्ट्री इंस्टिट्यूट, झांसी के ऑफिसर केबी श्रीधर ने कृषि कुंभ में दी। उन्होंने बताया कि यदि एक जगह कई पेड़-पौधों को कॉम्बिनेशन

दैनिक जागरण 28.10.18

# किसानों से हर माह अन्न खरीदने पर हो विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: कृषि कुंभ में शनिवार को खेती की उपज के भंडारण और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की चुनौतियों पर चर्चा हुई। इस विषय पर आयोजित तकनीकी सत्र की अध्यक्षता कर रहे कृषि उत्पादन आयुक्त (एपीसी) डॉ. प्रभात कुमार ने सुझाव दिया कि सरकारी गोदामों में अनाज भंडारण का भारी-भरकम खर्च उठाने की बजाय इसी धनराशि से किसानों को उनकी उपज का अधिक मूल्य दिया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से एकमुश्त अनाज खरीदती है। यह अनाज सरकारी गोदामों में रखा जाता है। अनाज भंडारण की लागत अनाज की एमएसपी से कहीं ज्यादा होती है। बाद में सरकार सब्सिडी पर यह अनाज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लोगों तक पहुंचाती है। गोदामों में भंडारित किये जाने वाले सारे गेहूं-चावल की जरूरत एक साथ नहीं पड़ती है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकारी गोदामों में अनाज का भंडारण कर उसका भारी-भरकम खर्च उठाने की बजाय सरकार किसानों से एकमुश्त की बजाय हर महीने जरूरत के हिसाब से थोड़ा-थोड़ा अनाज खरीदे जिसे सूचना प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से बाजार में तत्काल खपाया जा सके। वहीं सरकार अनाज भंडारण का जो खर्च वहन करती है, उससे किसानों को पहले महीने में जो एमएसपी देती है, अगले माह उससे बढ़ी दर से भुगतान कर सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मॉडल को विकसित करने पर विचार करने की जरूरत है।

## किसानों को मॉयस्चर मीटर इस्तेमाल करने की सलाह

जुआरी एग्रो कैमिकल्स की एग्री सर्विसेज के हेड केके सिंह ने सरकारी क्रय केंद्रों पर अनाज की गुणवत्ता से जुड़े विवादों से बचने के लिए प्रदेश के किसानों को आंध्र प्रदेश के कृषकों की तर्ज पर मॉयस्चर मीटर का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया। उन्होंने तेलंगाना और कर्नाटक में शुरू की गई डायरेक्ट इन्कम (इन्वेस्टमेंट) सपोर्ट स्कीम को उप्र में लागू करने पर विचार करने का सुझाव दिया।

## बहुपयोगी बनें सरकारी गोदाम

सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि देश की मौजूदा लॉजिस्टिकस लागत (परिवहन, भंडारण, ढुलाई आदि का खर्च) सकल घरेलू उत्पाद का 14 फीसद है। उन्होंने विभिन्न सरकारी वेयरहाउसिंग एजेंसियों के गोदामों का एक कॉमन पूल बनाने का सुझाव दिया। भंडारण लागत को कम करने के लिए उन्होंने सरकारी भंडारगृहों का बहुद्देशीय उपयोग करने की वकालत की।

दैनिक जागरण 28.10.18

# बढ़ रही आबादी, घट रहा उत्पादन

**जासं, लखनऊ:** कृषि उत्पादन लागत के साथ ही जनसंख्या में भले ही बढ़ोतरी हो रही हो, लेकिन कृषि उत्पादन में लगातार कमी जारी है। 2050 तक स्थिति और भयावह हो, इसके पहले ही हमें प्रकृति के साथ हो रहा खिलवाड़ रोकना होगा। कृषि कुंभ में आयोजित गोष्ठी में शनिवार को क्षेत्रीय सुदूर संवेदन केंद्र के निदेशक डॉ.एएल हलधर ने ये बातें बतौर मुख्य वक्ता कहीं।

कृषि विवि फैजाबाद के कुलपति डॉ. जेएस संधू की अध्यक्षता में 'जलवायु परिवर्तन एवं कृषि में उसका प्रभाव' विषयक गोष्ठी में उन्होंने कहा कि एक डिग्री सेंटीग्रेट तापमान बढ़ता है तो एक से दो क्विंटल प्रति हेक्टेयर गेहूं का उत्पादन कम हो जाता है। जनसंख्या बढ़ने के साथ कृषि योग्य भूमि घट रही है। ऐसे में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग बंद करना होगा और पौधरोपण के प्रति लोगों को जागरूक करना होगा। वाराणसी स्थित अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ.यूएस सिंह ने भी चावल की गुणवत्ता में हो रही कमी के लिए जलवायु परिवर्तन को ही जिम्मेदार माना है। उन्होंने कहा कि अधिक उत्पादन के चक्कर में किसान रासायनिक उर्वरकों को प्रयोग कर भूमि की उर्वरा शक्ति को कम करने का काम कर रहे हैं। कृषि विभाग के धनंजय सिंह के संयोजन में आयोजित गोष्ठी में कानपुर विवि के पूर्व प्रोफेसर डॉ. अनिरुद्ध दुबे, संयुक्त कृषि निदेशक डॉ.एके सिंह व वीके तिवारी के अलावा मोसिना मल्होत्रा, डॉ.प्रवीन सिंह, संजय कुमार सिंह व पुष्पेंद्र सहित कई प्रगतिशील किसानों ने गोष्ठी में हिस्सा लिया।



भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित कृषि कुंभ में लगी प्रदर्शनी को देखते किसान

## कृषि उत्पादन के सापेक्ष बढ़ा रहा पशुधन उत्पाद

वर्ष 1980 के दशक में पशुधन 5.3 फीसद बढ़ा था। इसके बाद से लगातार वृद्धि हो रही है। कृषि उत्पादन के सापेक्ष डेढ़ गुना हुई वृद्धि से इस क्षेत्र में बढ़ोतरी की संभावनाएं बढ़ी हैं। यह बातें पं.दीनदयाल उपाध्याय पशु विज्ञान विवि मथुरा के कुलपति प्रो. केएमएल पाठक ने कहीं। कृषि कुंभ में आयोजित 'प्रोडक्शन ऑफ लाइव स्टॉक एंड डेयरी, पोल्ट्री एंड फिशरीज एज इंजंस ऑफ ग्रोथ' विषयक गोष्ठी में बतौर अध्यक्ष उन्होंने कहा कि देश में वर्ष 2016-17 के आंकड़ों पर गौर करें तो 81.27 मीट्रिक टन भैंस के दूध और 78.09 मीट्रिक टन गाय के दूध का उत्पादन हुआ। चारा उत्पादन, नस्लों में सुधार, रोगों से मुक्ति जैसी चुनौतियों के बीच पशुधुन में बढ़ोतरी हो रही है।

**कृषि उपज की मार्केटिंग पर जोर:** केंद्र सरकार के कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के हाट-बाजारों में कृषि उपज की मार्केटिंग पर जोर दे रही है। इसलिए क्योंकि कृषि उपज की मार्केटिंग के बिना किसानों की आमदनी दोगुनी नहीं हो सकेगी। वह भारतीय कृषि कुंभ के पूर्वी उप्र में खेती को प्रोत्साहन देने के विषय पर आयोजित तकनीकी सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे।

दैनिक जागरण 28.10.18

# तीन कृषि यंत्र खरीदने पर 80 फीसद अनुदान

## एक यंत्र खरीदने पर भी मिलेगी 50 फीसद छूट, योजना में शामिल यंत्र फसल अवशेष प्रबंधन में मददगार



लखनऊ में शनिवार को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में दूसरे दिन आयोजित कृषि कुंभ में पहुंचे कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि एक साथ तीन कृषि यंत्र खरीदने पर सरकार 80 फीसद अनुदान देगी। अगर कोई किसान एक ही यंत्र खरीदता है तो उसे भी 50 फीसद अनुदान देय होगा। हैपी सीडर, मल्चर, श्रेडर और रोटावेटर जैसे आठ यंत्र योजना में शामिल हैं। यह वही यंत्र है जिनके जरिये फसल अपशिष्ट को जलाने के बजाय उनका प्रबंधन कर के खेत के लिए जैविक खाद बनाई जा सकती है। छूट सिर्फ सात नवंबर तक के लिए है। जो किसान छह नवंबर तक कृषि यंत्र खरीदकर विभागीय वेबसाइट पर उनकी रसीद अपलोड कर देंगे उनको बिना प्रतीक्षा सूची में रखे यह छूट मिलेगी।

यहां भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित कृषि कुंभ के दूसरे दिन 'फसल अवशेष प्रबंधन' सत्र को संबोधित करते हुए शाही ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उन योजनाओं का जिक्र किया जो किसानों के हित में चलाई जा रही हैं। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कृष्णा राज ने कहा कि एकल खेती की जोखिम को कम करने और आय बढ़ाने के लिए किसानों को परंपरागत खेती की जगह एकीकृत खेती अपनाना होगा। बाजार को देखकर खेती करनी होगी। खेती के प्रति प्रबंधन वाला नजरिया अपनाते हुए उपलब्ध संसाधनों का समय से और दक्षता के साथ प्रयोग करना होगा। ऐसा करने पर ही न्यूनतम लागत में अधिकतम उपज होने से आय बढ़ेगी। सरकार हर स्तर पर अपनी योजनाओं के साथ किसानों के साथ हैं।

विशेषज्ञों ने कहा कि फसल अपशिष्ट कचरा नहीं, कंचन है। इनमें पोषक तत्वों का खजाना छिपा होता है। जलाने से इस खजाने के साथ कई मित्र कीट भी नष्ट हो जाते हैं। कृषि यंत्रों के द्वारा आसानी से इनको खेत में ही जैविक खाद के रूप में बदला जा सकता है। धान के खेत में समय बचाते हुए उपलब्ध नमी के सहारे ही जीरो सीड ड्रिल से बिना जोते बोआई की जा सकती है। कार्यक्रम को आबकारी मंत्री जय प्रताप सिंह, कृषि राज्य मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद जगदंबिका पाल, नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा.जेएस संधू, कानपुर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा.एस सोलोमन, प्रो.बी जिलरी, प्रो.अनुपम कुमार नेमा, विशाल अग्रवाल, एपीसी प्रभात कुमार और प्रमुख सचिव कृषि अमित मोहन आदि ने भी संबोधित किया।

### अखिलेश पर साधा निशाना

कृषि मंत्री ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग आयोजन को किसानों को गुमराह करने वाला बता रहे हैं वही सैफई में नाच-गाने पर करोड़ों का वारा-न्यारा करते रहे हैं। अगर वही पैसा किसानों के हित में खर्च होता तो भाजपा सरकार को आते ही किसानों का कर्ज नहीं माफ करना पड़ता। अखिलेश को कुछ भी कहने के पूर्व गन्ना, गेहूं, धान खरीद एवं भुगतान के अपने और हमारे आंकड़े देख लेना चाहिए।

### भाजपा की नई खोज 'कृषि कुंभ': अखिलेश

कृषि कुंभ पर अखिलेश यादव ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अर्धकुंभ को कुंभ कर दिया और अब उसके शब्दकोष की नई खोज 'कृषि कुंभ' है। भाजपा सरकार बताए कि किसानों को मिला क्या और अब तक कितना कर्ज माफ किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नए-नए शब्दों की खोज में भाजपा नेताओं का कोई जवाब नहीं।

हिन्दुस्तान 28.10.18

# यंत्रों पर अनुदान देने का समय बढ़ाया

## कृषि कुंभ



राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

कृषि कुंभ में जुट रहे किसान व उनसे मिल रहे सकारात्मक फीडबैक से उत्साहित राज्य सरकार ने कृषि यंत्रों पर 80 फीसदी अनुदान देने की योजना को 7 नवंबर तक बढ़ा दिया है। साथ ही योजना की शर्त पहले आओ पहले पाओ में परिवर्तन कर आउट ऑफ टर्न कर दिया है।

अब तक यह योजना पश्चिमी उत्तर प्रदेश के छह मंडलों में 30 अक्टूबर तक के लिए लागू की गई थी, जिसे बढ़ाकर सात नवंबर तक कर दिया गया है। इस बात की घोषणा कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को कृषि कुम्भ में फसल अवशेष प्रबन्धन विषय पर आयोजित कार्यशाला में की।

उन्होंने कहा कि आठ यंत्रों पर अनुदान की यह योजना शुरू की गई है, जिनमें से तीन यंत्र खरीदने पर 80 फीसदी अनुदान की सुविधा दी जाती है।



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को किसानों के लिए कई घोषणाएं कीं।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कृष्णा राज ने कहा कि 5 वर्ष पूर्व तक कृषि की छवि खेत में हल जोतता किसान के रूप में ही प्रदर्शित होती रही है। अब इसमें तेजी से बदलाव हो रहा है।

**लाभ की जानकारी दीः** प्रदेश के पशुधन एवं मत्स्य मंत्री प्रो. एसपी बघेल ने कहा कि किसानों की आय दूनी ही नहीं चार से पांच गुनी हो सकती है। बशर्ते वह पूर्व की भांति पशुपालन, मछली पालन, मुर्गी पालन समेत अन्य विविधीकरण के क्षेत्र में कार्य शुरू करें। वहीं आबकारी मंत्री जेपी सिंह ने शीरे से एथेनॉल बनाने से होने वाले लाभ के बारे में बताया, जबकि कृषि राज्य मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह ने जीरो बजट खेती की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

## अखिलश के ट्वीट का शाही ने दिया जवाब



राज्य मुख्यालय। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ में चल रहे कृषि कुम्भ पर ट्विट कर कहा कि एक तरफ सरकार किसानों के हितों की बलि दे रही है और दूसरी तरफ 'किसान कुम्भ' का ढोंग रच रही है। यह कैसा किसान कुंभ है जिसमें किसानों के हिस्से अमृत की जगह विष आ रहा है और वो आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं। ऐसे नाटक की जगह भाजपा किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य दे और मुनाफा भी।'

इसके कुछ ही देर बाद जवाब में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने ट्विट करते हुए लिखा कि अपनी सरकार में नाच-गानों पर करोड़ों रुपये खर्च करके सैफई महोत्सव मनाने वाले आज किसानों के हित की बात करते हैं। याद दिलाना चाहूंगा, आपकी सरकार में सात लाख टन गेहूं खरीद होती थी जबकि भाजपा सरकार के पिछले साल 37 लाख और इस साल 53 लाख टन गेहूं की खरीद की है। किसानों का हितैषी कौन? आंकड़े बोलते हैं।'

# कृषि कुम्भ : यंत्रों पर 80 फीसद तक अनुदान

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
लखनऊ।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने एवं उनकी वर्ष 2022 तक कृषि आय दोगुनी करने की दिशा में कृषि कुम्भ का आयोजन एक अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा कि किसान नई-नई कृषि तकनीक का इस्तेमाल कृषि उत्पादकता एवं गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में करेंगे। कृषि मंत्री शनिवार को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित कृषि कुम्भ के दूसरे दिन फसल अवशेष बन्धन कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।



29 से 5 नवम्बर तक मिलेगी यह सुविधा

श्री शाही ने कहा कि किसान अपने खेतों के फसल अवशेष व राली आदि को न जलायें, इससे न केवल पर्यावरण दूषित होता है ल्कि खेतों में मौजूद मित्र कीट एवं अन्य पोषक तत्व भी जलकर नष्ट जाते हैं। कृषि यंत्र हैपीसीडर का प्रयोग करके फसल अवशेष का विक खाद के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ागामी 29 अक्टूबर से पांच नवम्बर के बीच जो भी किसान आठ कृषि त्रों में से तीन यंत्र एक साथ लेगा, उसे 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया ायेगा। इन आठ कृषि यंत्रों में हैपीसीडर, मल्चर, रोटावेटर, जीरोटिल डकम फर्टिलाइजर ड्रिल, श्रब मास्टर, पैडी स्ट्रा चापर, श्रेडर तथा र्सबुल एम बी प्लाऊ शामिल हैं। ट्रैक्टर लेने पर 40 प्रतिशत का नुदान दिया जाएगा। श्री शाही ने कहा कि जो भी किसान इस योजना तहत बैंकों से फाइनेन्स कराकर या नकद भुगतान कर सम्बन्धित लों में कृषि विभाग के माध्यम से अपने बिल बाउचर अपलोड करा , उन्हें आउट ऑफ टर्न इस योजना के तहत अनुमन्य अनुदान का तान सीधे उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

कार्यशाला में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णाराज ने कहा कि में सबसे गरीब किसान हैं और जब तक किसान उत्तम नहीं होगा तब देश भी उत्तम नहीं हो सकता है। प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह 'धुन्नी सिंह' ने कहा कि गाय के गोबर एवं गोमूत्र का प्रयोग कर हम जैविक खेती को बढ़ावा दे सकते हैं। गोमूत्र का फसलों पर छिड़काव करने से नीलगाय उस खेत में नहीं जाती हैं। इस प्रकार गोमूत्र एवं गोबर आदि का छिड़काव करके नीलगाय द्वारा फसलों को नुकसान होने से बचाया जा सकता है। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों के अलावा सांसद जगदम्बिका पाल, पशुधन एवं मत्स्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, आबकारी मंत्री जय प्रताप सिंह, श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल 'मन्नू कोरी', नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. जेएस सिन्धु, कानपुर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एस. सोलोमन, कृषि उत्पादन आयुक्त डा. प्रभात कुमार, प्रमुख सचिव कृषि अमित मोहन प्रसाद सहित वैज्ञानिक प्रो. बी. जिलरी, प्रो. अनुपम कुमार नेमा आदि ने भी कार्यशाला को सम्बोधित किया।

## राज्यपाल आज करेंगे समापन

लखनऊ (एसएनबी)। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान परिसर में 26 अक्टूबर से चल रहे तीन दिवसीय कृषि कुंभ का रविवार को प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक समापन करेंगे। समापन समारोह अपराह्न ढाई बजे कुंभ उद्घाटन पण्डाल में होगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा के अलावा मंत्रि परिषद के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल फसल अवशेष न जलाने के सम्बन्ध में पहली अक्टूबर को तहसील स्तर पर की गयी पेंटिंग प्रतियोगिता के 10 विजेताओं को सम्मानित करेंगे। अच्छे किसानों, कृषि कुंभ में सजीव प्रदर्शन करने वाले, अच्छे स्टाल लगाने वाले व अच्छे पशुपालकों को सम्मानित किया जाएगा।

## सपा सरकार ने नहीं किया किसानों का भला

लखनऊ (एसएनबी)। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सपा सरकार ने किसानों का भला नहीं किया। न ही किसानों आय बढ़ाने के लिए कोई प्रयास किया। यदि ऐसा किया गया होता तो प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के 15 दिनों में ही किसानों के 36 हजार करोड़ रुपये की ऋणमाफी करने की जरूरत न पड़ती। कृषि कुंभ को लेकर सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा किये गये ट्वीट का जवाब देते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि हमने तो प्रदेश के दो करोड़ 33 लाख किसान परिवारों को लाभ देने के लिए कृषि कुंभ का आयोजन किया। वह तो सैफई के कुछ परिवारों के लिए महोत्सव के नाम पर इससे बड़ा आयोजन करते थे। उस पर चार सौ से पांच सौ करोड़ रुपये फूंक दिये जाते थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों पर खर्च कर रही है, नाच-गानों पर नहीं। कृषि क्षेत्र में कोई कार्य न हो पाने के कारण ही किसान कर्ज में डूब गया जिसे योगी सरकार ने माफ किया है। उन्होंने बताया कि कृषि कुंभ को लेकर किसानों का आकर्षण बढ़ा है। युवा भी इससे आकर्षित हो रहे हैं।

# 7 नवंबर तक कृषि यंत्रों की खरीद पर किसानों को 80% अनुदान

## कृषि कुंभ में कृषि मंत्री ने की घोषणा, 7 पिछड़े जिलों के लिए विशेष योजना

## 8 में से कोई 3 यंत्र खरीदने पर मिलेगा योजना का लाभ

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में 7 नवंबर तक कृषि यंत्रों की खरीद पर किसानों को 80 फीसदी अनुदान मिलेगा। यह घोषणा कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने की। वे शनिवार को कृषि कुंभ में हुई कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को इसका लाभ फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत दिया जाएगा। कृषि विकास के लिहाज से कम वृद्धि दर वाले सात जिलों के लिए विशेष योजना भी चलाई जाएगी।

फसल अवशेष प्रबंधन पर विषयक कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए शाही ने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित आठ में से कोई तीन कृषि यंत्र खरीदने पर किसानों को 80 फीसदी तक छूट मिलेगी। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को 29 अक्तूबर से 7 नवंबर तक यंत्र खरीदने होंगे। इस अवधि तक हर हाल में पोर्टल पर खरीद की रसीद अपलोड करनी होगी। ये आठ यंत्र हैं- रोटावेटर, जीरो सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, हैपी सीडर, मल्चर, पैडी स्ट्रॉ चॉपर, श्रेडर, श्रव मास्टर, रिवर्सिबल मोल्ड बोर्ड प्लाऊ। इनमें से कोई तीन यंत्रों की कीमत करीब ढाई लाख रुपये होगी। इनके अलावा अन्य यंत्रों पर 7 नवंबर तक किसानों को आउट ऑफ टर्न निर्धारित अनुदान दिया जाएगा। इसमें किसी तरह की वरीयता सूची नहीं होगी। इस अवधि तक संबंधित खरीद दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने वाले किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा। अगर कोई एक यंत्र खरीदता है तो उसे 50% ही छूट मिलेगी। इसके अलावा ट्रैक्टर की खरीद पर 40 फीसदी का अनुदान मिलेगा। शाही ने कहा, कृषि विकास दर के लिहाज से पिछड़े सात जिलों चंदौली, सोनभद्र, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, फतेहपुर और चित्रकूट के लिए विशेष योजनाएं तैयार की जाएंगी। इन जिलों के किसानों को अनुदान योजनाओं का अधिक लाभ मिल सकेगा। कार्यशाला किसानों को कचरा से कंचन बनाने का सुझाव देते हुए फसल अवशेष न जलाने की अपील की गई। इसमें 9 तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। कार्यशाला के बाद फसल अवशेषों से संबंधित विभिन्न कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया गया।



कृषि कुंभ में शनिवार को प्रदर्शनी में काफी भीड़ जुटी। किसानों ने विभिन्न उपकरणों व मॉडलों की जानकारी ली।

### तेजी से बदल रहा कृषि क्षेत्र : कृष्णा राज

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कृष्णा राज ने कहा कि 5 वर्ष पूर्व तक कृषि की छवि खेत में हल जोतता किसान के रूप में होती रही थी। लेकिन अब यह क्षेत्र तेजी से बदल रहा है। खेती-किसानी अब उद्यमिता का रूप लेती जा रही है। यह क्षेत्र तेजी से प्रगति कर रहा है। दूरदराज के क्षेत्रों में भी अब मिलवां खेती को किसान तेजी से अपना रहे हैं। मिलवां खेती हमारी बहुत पुरानी परंपरा रही है, लेकिन लोग इसे भूलते जा रहे थे।

# आय दोगुनी करने के लिए अपनानी होगी समग्र खेती

लखनऊ। कृषि कुंभ में आयोजित तकनीकी सत्रों में किसानों को वैज्ञानिक खेती के तरीके बताए गए। विशेषज्ञों ने बाजार की उचित व्यवस्था पर जोर दिया व कम लागत में अधिक उत्पादन लेने के संबंध में जानकारी दी। साथ ही, आय दोगुनी करने के लिए तमाम उपायों के अलावा सब्जी, फल, बागवानी व मत्स्य पालन पर आधारित समग्र खेती का महत्व भी बताया।

शनिवार को कृषि विशेषज्ञ एसके पटनायक ने प्रदेश की 10 कृषि मंडियों को ई-नाम से जोड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्द्धन पर ध्यान देकर किसानों को आय को काफी बढ़ाया जा सकता है। प्रगतिशील किसान धर्मेंद्र मलिक ने बुंदेलखंड में दलहनी फसलों की जैविक खेती व लघु क्षेत्र में बागवानी के विकास का सुझाव दिया और किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने की पुख्ता व्यवस्था करने पर जोर दिया।

कृषि कुंभ में नौ तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। ट्रेड पॉलिसी एंड एक्सपोर्ट प्रमोशन के तहत निर्यात को बढ़ावा देने के उपायों पर विचार किया गया। आयात में कमी के प्रयास व अंतर्राज्यीय व्यापार से कृषि उत्पादों की कमी को लेकर संतुलन स्थापित करने पर मंथन हुआ। डॉ. हेमा यादव ने बेहतर मूल्य पाने के लिए किसानों को खुले बाजार में जाने का सुझाव दिया।

डॉ. एम गौतम ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए बाजार के महत्व को बताया। 'स्ट्रेटजीस फॉर प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर इन बुंदेलखंड' विषयक तकनीकी सत्र में बुंदेलखंड में खेती को बढ़ावा देने के लिए ठोस योजनाओं की जानकारी दी गई। ब्यूरो

### कृषि कुंभ में नौ तकनीकी सत्रों में किसानों को मिली उपयोगी जानकारी

### आज होगा समापन

रविवार को 2:30 बजे कृषि कुंभ का समापन सत्र आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल राम नाईक होंगे। कृषि मंत्री शाही ने बताया कि समापन सत्र से पहले नॉलेज एक्सचेंज और भारत-जापान सहयोग पर तकनीकी सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान फसल अवशेष के बेहतर उपयोग पर आधारित निबंध प्रतियोगिता के विजेता स्कूल विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# एक एकड़ में मछली पालन से सालाना 10 लाख की आमदनी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। आंध्र प्रदेश के किसान विस्वानाधा राजू महज एक एकड़ के तालाब में मछली पालन से हर साल 10 लाख रुपये की आमदनी करते हैं। उन्होंने कृषि कुंभ में शनिवार को लैपटॉप पर मत्स्य पालन के तरीके का प्रदर्शन कर अपना लोहा मनवा लिया। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजू का परिचय करवाया।

बालंगर, हैदराबाद निवासी राजू बताते हैं कि वे तीन साल में कक्षा-10 पास कर सके। इसके बाद पढ़ाई-लिखाई का इरादा छोड़ दिया। खेती में नए-नए प्रयोग शुरू किए। सबसे पहले मत्स्य पालन अपनाया। इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री पढ़ने के साथ ही उस पर अमल शुरू किया। धीरे-धीरे वे मत्स्य पालन में मास्टर हो गए। रि-सर्कुलेट्री एक्वा कल्चर सिस्टम से मछली पालन करके लगातार मुनाफा कमा रहे हैं। उनकी सफलता देखकर अनेक राज्यों से लोग उनके पास आते हैं। वे महीने में एक दिन अपने मछली पालन केंद्र की विजिट मुफ्त में कराते हैं। इसके बाद प्रत्येक विजिट का 3000 रुपये लेते हैं।

### कृषि कुंभ में आंध्र से आए 10वीं पास किसान राजू ने बताया तरीका



### रोपाई के लिए ईजाद किया ईजी प्लांटर

राजू ने खुद का ईजाद किया ईजी प्लांटर का भी प्रस्तुतीकरण किया। इससे धान, मिर्च, शिमला मिर्च समेत सभी पौधों की रोपाई तेजी और आसानी से कर लेते हैं। राजू कहते हैं कि भारत के अधिकतर किसान बहुत कम पढ़े-लिखे हैं, लेकिन वे अगर ठान लें तो बहुत कुछ कर सकते हैं।

sunday pioneer
LUCKNOW | SUNDAY | OCTOBER 28, 2018



# Farmers' tryst with different facets of agriculture

## KRISHI KUMBH

PIONEER NEWS SERVICE ■ LUCKNOW

Over [illegible] farmers from the [illegible] districts of Uttar Pradesh and adjoining states are participating in the Krishi Kumbh being held at Indian Institute of Sugarcane Research (IISR). Improved production technology of foodgrains apart from improved technology of animal husbandry, fisheries, dairy, poultry etc. was demonstrated through an agriculture exhibition on the second day.

IISR scientists said that farmers were given detailed information about the different facets of agriculture like integrated farming system, vegetable and fruits production, fisheries, production of organic manures through live demonstrations, etc. "For disseminating technical know-how on various subjects, an interactive meet between farmers and scientists of national and international repute was also organised.

The progressive farmers also shared their experiences with others. All agricultural universities in the state and several ICAR institutes are participating in the mega event. Former secretary (DAC&FW) SK Pattanayak chaired a session on agriculture policy and reforms for higher and sustained farmers' income along with director of International Potato Centre (Vietnam) Samarendu Mohanty. The session was presided over by Agriculture Minister SP Shahi.

Former director of Giri Institute AK Singh projected agriculture development in different districts of the state and gave description of the districts where agriculture is on the negative side. Shahi said farmers of the state were in no way inferior as compared to their counterparts in states like Punjab and Haryana.

He said that the farmers of UP needed motivation and knowledge about techniques. "There is need to change the farming pattern. Krishi Kumbh will help in this direction. Apart from unprecedented increase in pulse production, UP has witnessed significant increase in the area of oil seeds. There is need to change the attitude of farmers," he added. Director of Central Institute for Subtropical Horticulture (CISH) Shailendra Rajan laid stress on problems which may become serious in crops like banana and guava, which are most important for UP.

"Banana may face fusarium wilt TR 4. Nematodes have entered UP along with the planting material from other states. This can devastate the guava industry as there are many reports from Latin American and Southeast Asian countries. There is a need to manage this problem and follow quarantine guidelines while getting planting material from other states," he pointed out. He also laid emphasis on use of genuine planting material for expanding area in the state.



## CITYBRIEFS



### LITERARY CONCLAVE

Lucknow Management Association organised a financial literary conclave on 'From financial literacy to financial inclusion'. The chief guest on the occasion was Governor Ram Naik. He said that with financial literacy, the faith on the banking system would increase and corruption would also decrease. [illegible] He said that Prime Minister Narendra Modi encouraged people to open bank accounts. The 'Financial Literacy Leadership (Individual) Award 2018' winner was Monica Agarwal from Chandigarh. She has done a lot of work in the field of financial literacy. The runner-up was Dharmendra K Kanchan, former assistant labour commissioner and resource person of SEBI. He is doing individual work in the field of financial literacy. The winner of the Financial Literacy Leadership Award (Institution Category) was National Centre for Financial Education (NCFE), while the runner-up was Resurgent India Pvt Ltd. The awards were given away by the Governor.

### AUDITIONS

Super Dancer (chapter 3) launched its multi-city auditions for this season in Lucknow. A total of 36[illegible] children auditioned for the show and put their best foot forward. The show will have Shilpa Shetty Kundra, Anurag Basu and Geeta Kapoor as judges and it will be hosted by Rithvik Dhanjani and Paritosh Tripathi. Each contestant will be paired with a choreographer guru who will guide, nurture, mentor and introduce these young dancers in new forms. The auditions will be held in Jaipur, Vadodara, Guwahati, Bareilly, Kolkata, Lucknow, Nagpur, Chandigarh, Indore, Delhi and Mumbai.

### MODERN COACH FACTORY



Sureet Sha[illegible]

Suneet Sharma joined as the general manager of Modern Coach Factory, Rae Bareli on Saturday. He is a special class railway apprentice (SCRA) officer of 1978 batch. He comes with a strong technical background and has expertise in various facets of Railway working. Sharma has worked at various levels and has 33 years of experience.

### UDGAM-2018



# Metro stations in final phase of completion

PIONEER NEWS SERVICE ■ LUCKNOW

With the construction work of North-South corridor (phase 1-A) going on at a fast pace, Lucknow Metro Rail Corporation director Kumar Keshav said that stations from KD Singh 'Babu' Stadium to Munshipulia were in the final phase of completion. He said the civil works of all the eight elevated stations between the stadium and Munshipulia were likely to be completed by December.

He reviewed the progress of [illegible] work of entry exit gates of [illegible] work of concourse has been [illegible] room, UPS & security rooms besides property development area is 70% through," he added. Keshav said that the grill work at the platforms of IT, BN Mishra and KD Singh stations was also shaping up. The work of track laying is being carried out along with overhead electrification between the stadium and Munshipulia.

The LMRC MD asked the contractors to carry on the electrification work with the same speed and coordination. Whitewashing of most of the stations is also speed[illegible] Keshav directed the [illegible]



U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LTD. Very Short Term Open e-Tender
No. [illegible] [illegible] tenders in two parts on prescribed format from the reputed and experienced contractors of U.P. Govt. [illegible] [illegible] operation and maintenance of [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] Tender documents [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

हिंदुस्तान 29.10.18

# कृषि कुंभ के बाद अब प्रदेश भर में कृषि मेले

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

कृषि कुंभ की सफलता से उत्साहित सरकार प्रदेशभर के कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कृषि मेले का आयोजन करने जा रही है। यह घोषणा कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रविवार को कृषि कुंभ के समापन पर की। उन्होंने कहा, जो किसान कृषि कुंभ में नहीं पहुंच सके, वे भी अपने क्षेत्र के कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) के मेले से लाभ उठा सकेंगे। प्रदेश में 69 केवीके हैं। इसके अलावा 20 और केवीके को मंजूरी मिल चुकी है। वे शीघ्र ही खुल जाएंगे।

बकौल श्री शाही, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कृषि कुम्भ में प्रदर्शित खेती-किसानी के बदलते आयाम का मॉडल इन कृषि मेले में भी दिखाने की शर्त पर केन्द्र सरकार से धन देने का आश्वासन दिया है। अब विकास खण्ड स्तर पर भी रबी गोष्ठियां होंगी। उन्होंने कहा कि कृषक उत्पादक संघों को पांच सौ टन तक का गोदाम बनाने के लिए सरकार सहायता देगी। कोई 'कृषक उत्पादक संघ' (एफपीओ) यदि एक साल पहले से रजिस्टर्ड है तो बीज प्रसंस्करण इकाई और गोदाम के लिए 60 लाख रुपये तक का अनुदान मिलेगा।

निजी क्षेत्र में यदि कोई अपनी जमीन पर मंडी खोलना चाहता है तो सरकार उसे लाइसेंस देगी। कोल्ड स्टोर मालिक भी अपनी मंडी खोल सकेंगे। इनसे कोई मंडी शुल्क नहीं लिया जाएगा।



कृषि कुंभ में रविवार को राज्यपाल राम नाईक, उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

## कृषि कुम्भ की अनुगूंज देशभर में होगी: नाईक

राज्यपाल राम नाईक ने कहा कि यूपी जो भी करता है, पूरा देश उसका अनुसरण करता है। इस ऐतिहासिक कृषि कुम्भ की गूंज भी पूरे देश होगी। हर क्षेत्र में किसानों की प्रगति के लिए ऐसे ही आयोजन किये जाएंगे। इस कृषि कुंभ के बाद अब मथुरा में नौ दिसम्बर से महिलाओं का दो दिवसीय कुम्भ होने जा रहा है। इसके बाद अवध शिल्प ग्राम में युवा कुंभ का आयोजन किया जाना है।

## यह किसानों का महा अनुष्ठान: मौर्य

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह कृषि कुंभ किसानों के उत्थान और विकास के लिए एक महाअनुष्ठान है। हमारी केन्द्र और राज्य सरकारों ने किसानों के लिए इतने काम शुरू कराए हैं कि किसान अब अपने बच्चों को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए उसे पढ़ा-लिखा सकता है। सरकार की ऐसी रणनीति बन रही है कि पैदावार अधिक हो और उसकी बर्बादी भी न हो।

## इन्हें किया गया पुरस्कृत

**प्रगतिशील किसान-** अरुण महादेव जाधव (महाराष्ट्र), पवित्तर पाल सिंह पांगली(पंजाब), पवित्र कुमार बराला(उड़ीसा), विश्वनाथ राजू (हैदराबाद), राम सरन वर्मा(बाराबंकी), बाल बिहारी द्विवेदी(बलरामपुर), संजय सैनी(सहारनपुर), टिंकू जुनेजा (कानपुर), आज्ञा राम वर्मा(बस्ती), वेद व्यास सिंह(देवरिया), उपेंद्र सिंह (मेरठ), ब्रजेश चंद्र मिश्र (लखनऊ), नृपेंद्र त्रिपाठी(इटावा), तुषार सरोज (लखनऊ), परवेज खान (बाराबंकी)।

**पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता-** वंशिका जैन(मुजफफर नगर), नंदिनी मौर्य(गोंडा), गौरव कुमार(सहारनपुर), विजय यादव(सुल्तानपुर), उत्कर्ष प्रताप सिंह(बुलंदशहर), अनमोल सोनी(मुजफर नगर), सिद्धि जैन(बाराबंकी), शिवम चौरसिया(संत कबीर नगर), लावण्या सिंह(कानपुर नगर), शिवानी(बागपत)।

**सर्वश्रेष्ठ स्टॉल-** एफएमसी, बायर, इफको, इस्राइल पवेलियन-रिबूलेट एक्वा, जापान पवेलियन-मियाची कॉरपोरेशन, न्यू स्वान मल्टीटेक, किर्लोस्कर, कृषक उत्पादन मंडी समिति।

## तकनीकी सत्रों की सिफारिशों पर गौर होगा

**राज्य मुख्यालय।** तीन दिन के कृषि कुम्भ में कुल 14 तकनीकी सत्र हुए। इनमें अलग-अलग क्षेत्रों एवं विषयों के विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। अन्तिम दिन कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि तकनीकी सत्रों में मिलीं संस्तुतियां का अध्ययन कराया जाएगा। इनपर रिपोर्ट आने के बाद अगला कदम उठाया जाएगा।

## सपा ने कहा, कृषि कुंभ में झूठे आंकड़े दिए गए

राज्य मुख्यालय। समाजवादी पार्टी ने कहा है कि 'कृषि कुंभ' केवल किसानों को रिझाने के लिए किया गया। भाजपा यह भूल गई है कि किसानों के साथ लोग अब उसकी सच्चाई समझने लगे हैं। सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश के कृषि मंत्री कृषि कुंभ में किसानों की हमदर्दी पाने के लिए झूठे आंकड़े दे रहे हैं। उधर, कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार कृषि कुंभ के नाम पर किसानों को भ्रमित कर रही है। महज आगामी चुनावों को लेकर इवेंट आयोजित किये जा रहे हैं।



# किसानों की खुशहाली के आह्वान संग पूरा हुआ कृषि कुंभ

## राज्यपाल की उपस्थिति में हुआ कृषि कुम्भ प्रदर्शनी व अंतराष्ट्रीय सम्मेलन-2018 का समापन

आलमबाग लखनऊ (एसएनबी)। रायबरेली रोड स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान परिसर में 26 से 28 अक्टूबर तक चलने वाला तीन दिवसीय कृषि कुम्भ प्रदर्शनी व अंतराष्ट्रीय सम्मेलन - 2018 का जोरदार समापन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के समर्थन से उत्तर प्रदेश कृषि विभाग एवं राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद आदि के द्वारा संयुक्त आयोजन कर किसानों की आय दोगुना करने के उद्देश्य से कृषि को समृद्ध व्यवसाय बनाकर नए सुअवसर सृजित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कृषि कुम्भ में प्रदेश के कोने कोने से आए लाखों किसानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि कुम्भ - 2018 के माध्यम से किसानों की खुशहाली के लिए स्वदेशी पद्धति से किसानों की आय दोगुना करने विधि पर जोर दे रही है। रविवार शाम लगभग 4 बजे उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक समेत उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व डा. दिनेश शर्मा अपने मंत्रियों के साथ कृषि कुम्भ में पहुंचे। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रकाश शाही ने आए हुए सभी मेहमानों को पगड़ी पहना कर उनका स्वागत किया। आयोजन के समापन व पुरस्कार वितरण की शुरुआत राष्ट्रगान व राज्यपाल के दीप प्रज्वलन से हुई।

> विराट, नंदू व कड़क नाथ हुए सम्मानित, कृषि यंत्रों पर दिया जाएगा 40 से 80 प्रतिशत का अनुदान

### उपमख्यमंत्री ने बैट्री चलित गाड़ी का उठाया लुत्फ

कृषि कुम्भ में आए उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कृषि प्रदर्शनी का लुत्फ बैट्री चलित गाड़ी पर बैठ कर उठाया। बैट्री वाहन पर बैठ कर डॉ दिनेश शर्मा ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया और प्रदर्शनी में आए पशुपालन व कृषि यंत्र की जानकारी हासिल की।



### विराट, नंदू व कड़कनाथ हुए पुरस्कृत

तीन दिन तक चले कृषि कुम्भ के आखरी दिन समापन व पुरस्कार वितरण के मौके पर 80 लाख रुपए कीमत व जिस कुवराज और 21 लीटर दूध देने वाली भी रानी के बेटे विराट (मुर्रा) भैंसे व 75 लाख रुपए कीमत के उत्तर प्रदेश मोहनलालगंज लखनऊ से आए मिश्र नस्ल के छह फुट ऊंचे और लगभग 910 किलो वजनी 5 वर्षीय नंदू (बैल) के मालिक व साथ साथ कड़क नाथ मुर्गे के स्वामी समेत दर्जनों लोगों को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाइक ने किसानों का प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए कई किसानों को सम्मानित किया। कृषि कुम्भ में आए मुख्य अतिथि के रूप में आए राज्यपाल राम नाईक व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा विराट भैंसे व नंदू के पास जाकर उनकी पूरी जानकारी प्राप्त की।



### सौर ऊर्जा चलित पम्प में लोगो ने दिखाई दिलचस्पी

महंगी डीजल की दरों व महंगे होते बिजली के बिल से परेशान किसानों की दिलचस्पी सौर ऊर्जा चलित पम्प में देखने को मिली। कम दरों में उपलब्ध सौर ऊर्जा के फायदे गिनाते हुए इसे प्रदूषण रहित भी बताया। साथ ही साथ इसके रख रखाव में भी बिल्कुल कम खर्चे की बात सामने आई।

दैनिक जागरण 30.10.18

# किसानों को मिले उपज का वाजिब मूल्य : राज्यपाल

## कृषि कुंभ का समापन, राम नाईक बोले : जो काम उप्र करता है, देश उसका अनुसरण करता है




प्रदर्शनी मे उन्नत प्रजाति के मवेशियो की जानकारी लेते राज्यपाल राम नाईक, साथ मे विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा पौधो की प्रदर्शनी देखते बच्चे

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** राज्यपाल राम नाईक ने भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय कृषि कुंभ के समापन सत्र में रविवार को कहा कि बढ़ती आबादी के बावजूद किसानों ने अपने पुरुषार्थ से न सिर्फ देश के लोगों का पेट भरा है, बल्कि भारत को अनाज का निर्यात करने में भी सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन तो बढ़ा है लेकिन किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसानों को उनकी पैदावार का उचित मूल्य मिल सके, इस दिशा में प्रयास होने चाहिए।

उन्होंने इसे सुखद संयोग बताया कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के प्रयास में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और प्रदेश के मुख्यमंत्री लगे हैं तो यह सपना जरूर हकीकत में बदलेगा। यह भी कहा कि कृषि कुंभ जैसा अभूतपूर्व आयोजन करने वाला उप्र पहला राज्य है। जो उप्र कहता और करता है, सारा देश उसका अनुकरण करता है। समापन समारोह को विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि विपणन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वाती सिंह ने भी संबोधित किया।

### 15 प्रगतिशील किसान हुए सम्मानित

इस मौके पर राज्यपाल ने कृषि कुंभ में प्रदेश और सूबे के बाहर से आये 15 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। सम्मानित किये गए किसानों में अरुण महादेव (महाराष्ट्र), पवित्तर पाल सिंह सांगली (पंजाब), पवित्र कुमार बराला (उड़ीसा), विश्वनाथ राजू (हैदराबाद), राम सरन वर्मा (बाराबंकी), बाल बिहारी द्विवेदी (बलरामपुर), डॉ.संजय सैनी (सहारनपुर), टिंकू जुनेजा (कानपुर), आज्ञा राम वर्मा (बस्ती), वेद व्यास सिंह (देवरिया), उपेंद्र सिंह (मेरठ), ब्रजेश चंद्र मिश्र (लखनऊ), नृपेंद्र त्रिपाठी (इटावा), तुशार सरोज (लखनऊ), परवेज खान (बाराबंकी) शामिल थे।

पराली को नहीं जलाने के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए कृषि विभाग की ओर से प्रत्येक तहसील पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में से 10 सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाले विद्यार्थियों को राज्यपाल ने इस अवसर पर सम्मानित किया। इनमें वंशिका जैन (मुजफ्फरनगर), नंदिनी मौर्या (गोंडा), गौरव कुमार (सहारनपुर), विजय यादव (सुलतानपुर), उत्कर्ष प्रताप सिंह (बुलंदशहर), अनमोल सोनी (मुजफ्फरनगर), सिद्धि जैन (बाराबंकी), शिवम चौरसिया (संत कबीर नगर), लावण्या सिंह (कानपुर नगर) और शिवानी (बागपत) शामिल हैं। राज्यपाल ने कृषि कुंभ में लगे 350 से ज्यादा स्टॉल में सर्वश्रेष्ठ चिह्नित किये गए 10 स्टॉल और कृषि यंत्रों के दो स्टाल को भी पुरस्कृत किया।

समापन समारोह में राज्यपाल ने बताया कि किसानों की आय दोगुनी करने के बारे में उन्होंने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भेज दी है। यह रिपोर्ट उन्हें देश के 22 राज्यों के राज्यपालों की ओर से प्राप्त हुए लिखित सुझावों पर आधारित है। इसमें किसानों की आमदनी को दोगुना करने के बारे में 21 सुझाव दिये गए हैं।

### सभी ब्लॉक में होंगी रबी गोष्ठियां

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि कृषि कुंभ में प्रदेश के सभी 823 ब्लॉक के एक लाख से ज्यादा किसान आए। उन्होंने बताया कि कृषि कुंभ की तर्ज पर प्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों में 15 दिसंबर के पहले कृषि मेले आयोजित किए जाएंगे। वहीं 15 दिसंबर के पहले प्रदेश के सभी ब्लॉक में रबी गोष्ठियां आयोजित होंगी।

### सरकारी मेहमान बने किसान

विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार किसानों को सरकार ने अतिथि की तरह बुलाया है। ऋगवैदिक काल से देश के संविधान तक में कृषि के संरक्षण और संवर्धन का उल्लेख है।

### विपक्षियों को बर्दाश्त नहीं किसान हित

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि केंद्र और उप्र की सरकारें किसानों के हित के लिए जिस तरह जी-जान से जुटी हैं, वह देश-प्रदेश में वर्षों तक शासन करने वाले विपक्षी दलों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है।

# तकनीक जापानी, दिल हिंदुस्तानी

**'इंडो-जैपनीज कोलेबोरेशन फॉर रुमेनेरेटिव एग्रीकल्चर' विषयक गोष्ठी में बोले जापानी प्रतिनिधि**

जापानी तकनीक से बनी कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव की मशीन हो या फिर दुधारू मवेशियो से सोलर दूध निकालने का सयंत्र, सभी की तकनीक भले ही जापानी हो, लेकिन हिंदुस्तान के पर्यावरण को ध्यान में रखकर इन्हें तैयार किया गया है। तकनीक जापानी, दिल हिंदुस्तानी स्लोगन को जेहन में रखकर तैयार किए गए संयंत्र किसानों की आय दो गुना करने में कारगर साबित होंगे। यह बात जापानी दूतावास के प्रथम सचिव कृषि एवं खाद्य डॉ. टेटसुआ यूझ्टाके ने कही। वह भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान परिसर में चल रहे कृषि कुंभ के तहत आयोजित 'इंडो-जैपनीज कोलैबोरेशन फॉर रुमेनेरेटिव एग्रीकल्चर' विषयक गोष्ठी में बतौर सह अध्यक्ष बोल रहे थे। उन्होंने कहाकि भारतीय वातावरण के हिसाब से बहुत कुछ बदलने की आवश्यकता है। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं दुग्ध विकास सुधीर एम बोबडे ने कहा कि अब समय आ गया है कि किसान विविध फसलों का उत्पादन सुनिश्चित करे, जिससे उनकी आमदनी बढ़े। पशुपालन के साथ ही उद्यान और कृषि क्षेत्र में काम करके किसान अपनी आय दोगुनी कर सकता है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी तो जापानी प्रतिनिधि क्रियोकाजी मियाची, सीची तनाबे, मशामी अमानो, सिंटारो सेशीमोटो के अलावा निदेशक सीमा रहमानखेड़ा डॉ.आरडी द्विवेदी और जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा के साथ ही डॉ.एए ब्राड्वे, डॉ. महेश चंद्र यादव व डॉ. एम स्वपना समेत कई प्रतिनिधियों ने विचार व्यक्त किए।

### नीलाम होती है किसानों की फसल

फैजाबाद के सहसो ब्लॉक से आए किसान राजेंद्र प्रसाद ने अधिकारियों के सामने व्यवस्था की पोल खोल दी। उन्होंने कहा कि किसान मेहनत करके अनाज पैदा करता है और उसके उत्पाद की नीलामी का खाका अधिकारी तैयार करते हैं। किसान मनमाने दाम पर अपने अनाज की नीलामी कराने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जैविक खेती किसानों के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है। प्रमुख सचिव पशुपालन और दुग्ध विकास सुधीर एम बोबडे ने राजेंद्र वर्मा के सुझाव की तारीफ की फलों और सब्जियों का प्रसंस्करण कर दाम स्वयं तय करने की बात कही। कहा कि प्रधानमंत्री भी यही बात किसानों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

# किसानों को मंडी खोलने के लिए लाइसेंस देगी सरकार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** राज्य सरकार अब निजी क्षेत्र में मंडियों की स्थापना को बढ़ावा देगी। इसके लिए किसानों और कोल्ड स्टोरेज व वेयरहाउस संचालकों को कृषि उपज की मंडियां स्थापित करने के लिए लाइसेंस दिए जाएंगे। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित कृषि कुंभ के समापन समारोह में रविवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यह एलान किया। उन्होंने कहा कि किसी ब्लॉक मे यदि कोई किसान अपनी जमीन पर मंडी स्थापित करना चाहता है तो सरकार इसके लिए उसे लाइसेंस देगी। वहीं प्रदेश में निजी क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज या वेयरहाउस (गोदाम) संचालित करने वाले लोग यदि अपनी जमीन पर मंडी स्थापित करना चाहते हैं तो सरकार उन्हें भी इसके लिए लाइसेंस देगी। किसानों की सुविधा के लिए सरकार ने लाइसेंस फीस सिर्फ एक बार जमा करने का प्रावधान कर दिया है। शाही ने बताया कि सरकार फार्मर्स प्रोड्यूसर्स आर्गेनाइजेशन (एफपीओ) को प्रदेश में गोदामो की स्थापना के लिए प्रोत्साहन देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक वर्ष पहले रजिस्ट्रेशन कराकर काम कर रहे 100 एफपीओ में से प्रत्येक को राज्य सरकार इस साल 60 लाख रुपये अनुदान देगी। यह अनुदान बीजों के एक प्रोसेसिंग प्लांट और 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम की स्थापना के लिए दिया जाएगा। एफपीओ को गोदाम और प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना के लिए प्रोत्साहन देने पर सरकार इस साल 60 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

**उपभोक्ताओं को सीधे उपज बेचने पर नहीं देना होगा मंडी शुल्क :** कृषि विपणन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वाती सिंह ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य मिले, इसके लिए सरकार ने मंडी अधिनियम में संशोधन किया है। मंडी अधिनियम में हुए संशोधन के कारण अब किसान किसी भी मंडी में अपनी उपज बेच सकते हैं। क्रेता सीधे किसानों से उनकी उपज खरीद सकते हैं। यदि कोई किसान सीधे उपभोक्ताओं को कृषि उत्पाद बेचता है तो उसे मंडी शुल्क नहीं देना होगा।

# स्वावलंबन के साथ चलती है समृद्धि की पाठशाला

जितेंद्र उपाध्याय • लखनऊ

मोहनलालगंज के परवर पश्चिम निवासी विमलेश को घर चलाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। खेत भी ऊसर था और बच्चों को पढ़ाने की चुनौती भी मुंह बाए खड़ी थी। भूमि सुधार निगम की योजना के तहत भूमि को उपजाऊ बनाने के साथ ही उन्हें मिठाई का डिब्बा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। 11 महिलाओं को जोड़कर तुलसी स्वयं सहायता समूह बनाया। अब उनके साथ ही अन्य महिलाएं तीन से पांच हजार रुपये प्रतिमाह की अतिरिक्त आमदनी कर रही हैं।

माल के खड़ौवा गांव की सुनीता भी अब स्वावलंबी बन गई हैं। महिलाओं के साथ मिलकर शिवांगी स्वयं सहायता समूह बनाया और फिर 11 महिलाओं को जोड़कर समृद्धि की ओर निकली तो फिर दोबारा पीछे मुड़कर नहीं देखा। काकोरी की रामकली भी डिजाइनर चूड़ियां बनाती हैं। उज्ज्वला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हर माह चार से पांच हजार रुपये की मासिक आमदनी हो रही है।

**सोच से बदल रही तस्वीर**

भूमि सुधार निगम की जिला समन्वयक अनीता सिंह ने बताया कि विभागीय योजना को ग्रामीण क्षेत्रों में लागू करके ग्रामीण महिलाओं स्वावलंबन के साथ समृद्धि का पाठ पढ़ाया जा रहा है। घरेलू महिलाओं को जागरूक किया गया तो उनकी सोच रसोई से निकलकर आर्थिक समृद्धि की ओर चल पड़ी। इसके चलते राजधानी में 228 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं जहां दो हजार से अधिक महिलाएं अपना काम कर रही हैं। प्रदेश के 32 जिलों में 5494 स्वयं सहायता समूहों में महिलाएं काम कर रही हैं। कृषि कुंभ में विकास की तस्वीर भूमि सुधार निगम के स्टॉल पर नजर आती है। निगम के एमडी राजेश यादव, परियोजना प्रबंधक आरपीएन सिंह और एएस राठौर समेत निगम के प्रतिनिधि किसानों को योजना के साथ ही स्वावलंबन के बारे में बता रहे हैं।

# 15 दिसंबर तक हर जिले में लगाए जाएंगे कृषि मेले

## कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही बोले, यंत्र खरीदने वाले किसानों को नवंबर में मिलेगा सब्सिडी का भुगतान

मर उजाला ब्यूरो

खनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप ाही ने कहा है कि 15 दिसंबर तक देश के हर जिले में कृषि मेले गाए जाएंगे। ताकि, किसानों को ासपास ही उन्नत तकनीक की ानकारी मिल सके। इसके लिए द्र सरकार आर्थिक मदद भी देगी। सके अलावा, फसल अवशेष बंधन योजना के तहत सात वंबर तक कृषि यंत्र खरीदने वाले सानों के खातों में अनुदान राशि ज दी जाएगी।

रविवार को कृषि कुंभ के समापन त्र में उन्होंने यह घोषणा की। न्होंने कहा कि इस आयोजन में देश के सभी 823 विकास खंडों किसानों ने बड़ी संख्या में हिस्सा नया। उन्हें समग्र खेती का नमूना खाया गया। साथ ही, वैज्ञानिकों ने सानों के सवालों के जवाब दिए ौर उन्हें अपने उत्पादों में वैल्यू डिशन करने की जानकारी भी दी। ाही ने कहा कि प्रदेश में 69 कृषि कास केंद्र (केवीके) संचालित हैं ौर 20 नए केवीके स्वीकृत हो के हैं। इनमें से 12 पर काम चल हा है। बता दें कि केंद्रीय कृषि मंत्री धामोहन सिंह ने केवीके स्तर पर स तरह का आयोजन करने का झाव दिया था और केंद्र से आर्थिक हायता देने का आश्वासन भी दिया ा। इसको देखते हुए राज्य सरकार 15 दिसंबर से पहले केवीके स्तर र प्रत्येक जिले में कृषि मेले लगाने ा निर्णय किया है। साथ ही, कास खंड स्तर पर रबी गोष्ठियां ी होंगी। ताकि, किसानों को सही ानकारी मिल सके। इस अवसर र कृषि मंत्री ने फसलों के अवशेष ो जलाने के बजाय जैविक खाद नाने में उनका उपयोग करने का झाव दिया।



भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में कृषि कुंभ के दौरान लगी प्रदर्शनी देखते राज्यपाल राम नाईक, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य, डॉ. दिनेश शर्मा व कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही।

### लखनऊ के तुषार सरोज व ब्रजेश चंद्र मिश्र को प्रगतिशील किसान सम्मान

15 किसानों को 'प्रगतिशील किसान सम्मान' से नवाजा गया। इनमें लखनऊ के किसान तुषार सरोज व ब्रजेश चंद्र मिश्र, और बाराबंकी के परवेज खान व राम सरन वर्मा समेत कई किसानों को सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र, पंजाब, उड़ीसा और हैदराबाद को किसानों को भी सम्मानित किया गया।

### वर्षों तक राज करने वालों ने किसानों पर ध्यान नहीं दिया : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश पर वर्षों तक राज करने वालों ने किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। अब केंद्र और प्रदेश सरकार उनके लिए अच्छा काम कर रही है, तो उनसे यह भी बर्दाश्त नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भ्रष्टाचार मुक्त विकास से हर तबके में खुशहाली आ रही है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार को सुशासन देने वाली सरकार बताया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों से किसान आगे बढ़ रहे हैं। सरकार के प्रयासों के चलते किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य मिल रहा है। अधिक उत्पादन होने पर यह खेतों में पड़े-पड़े सड़ता नहीं है। सरकार ईमानदारी के साथ रिकॉर्ड खरीद करवा रही है, जिसका भुगतान भी समय पर हो रहा है।

### किसानों को मंडी के लिए मिलेगा लाइसेंस

कृषि मंत्री ने कहा कि जो किसान ब्लॉक स्तर पर मंडी बनाना चाहेगा, उसे लाइसेंस दिया जाएगा। साथ ही, एफपीओ (किसान उत्पादक संघ) और अन्य उद्यमियों को गोदाम बनाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण भी दिया जाएगा।

**गोदामों की स्थापना के लिए 60 लाख रुपये अनुदान देगी सरकार :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसान उत्पादक संघ (एफपीओ) को ग्रामीण क्षेत्रों में गोदामों की स्थापना के लिए 60 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार सीड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने के लिए 15 लाख और गोदाम के लिए 45 लाख रुपये दिए जाएंगे। गोदाम की न्यूनतम क्षमता 500 मीट्रिक टन होगी। 60 करोड़ के बजट से 100 एफपीओ को अनुदान मिलेगा।

### गांव-गांव पहुंचाएं कृषि कुंभ का 'प्रसाद': दीक्षित

विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि कृषि कुंभ में किसानों को 'प्रसाद' रूपी जो ज्ञान मिला है, उसे गांव-गांव पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत में कृषि को बहुत महत्व दिया गया है। संविधान में वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रयोगों को बढ़ावा देने के अनुरूप ही प्रदेश सरकार कृषि नीतियां बना रही हैं।

### तकनीकी सत्रों में सफल किसानों के किस्से बताए

एक्सपीरियंसल लर्निंग थ्रू नॉलेज एक्सचेंज और इंडो-जापानीय कोलोब्रेशन फॉर रियूमेनेरिटव एग्रीकल्चर विषयों पर आयोजित तकनीकी सत्र में सफल किसानों के किस्से सुनाए गए। उर्वरक संबंधी नई संस्तुतियां, कृषि यंत्रीकरण और एफपीओ बनाने के तरीके बताए गए। कृषि कुंभ में 71 हजार किसानों ने बतौर प्रतिभागी पंजीकरण कराया। पंजाब, उत्तराखंड, तेलंगाना, हरियाणा, मेघालय, केरल और अरुणाचल प्रदेश के विभागों ने करीब 400 से स्टॉल लगाए।

### सीधे उपभोक्ता को बेचें उत्पाद, मुंडी शुल्क से बचें : स्वाति सिंह

कृषि विपणन राज्यमंत्री स्वाति सिंह ने कहा कि सीधे उपभोक्ता को उत्पाद बेचने वालों से मंडी शुल्क नहीं लिया जाएगा। अब थोक व्यापारी सीधे किसानों से उत्पाद खरीद सकते हैं। किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीतियों में संशोधन भी करेंगे। इसके लिए मंडी अधिनियम में भी जरूरी संशोधन किए गए हैं। गोमती नगर स्थित हाट में किसानों के जैविक उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर एपीसी डॉ. प्रभात कुमार, प्रमुख सचिव कृषि अमित मोहन प्रसाद, कृषि निदेशक सोराज सिंह और संतराम कौशल मौजूद रहे।

### अपनी सरकार की स्तुति मैं नहीं करूंगा तो कौन करेगा : नाईक

ुख्य अतिथि राज्यपाल राम नाईक ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि 9 दिसंबर को मथुरा में महिला कुंभ और जल्द ही अवध शिल्प ग्राम में युवा कुंभ ायोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार अच्छा काम कर रही है। ंसते हुए कहा कि 'यह मेरी ही सरकार है, इसलिए इसकी स्तुति मैं नहीं करूंगा ो कौन करेगा।' किसानों और कृषि की दशा सुधारने के लिए उनके संयोजन में बनी पांच राज्यपालों की कमेटी ने 21 सुझावों वाली रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। इन सिफारिशों पर प्रधानमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री विचार करेंगे। उत्पादन बढ़ा, पर किसानों की आमदनी उस अनुपात में नहीं बढ़ी। उम्मीद है कि अगले

स्पेशल तीर्थ यात्रा रेलगाड़ी द्वारा
51 वर्षों के अनुभवी स्व. लाला शिवचरण लाल अग्रवाल, ऋषिकेश द्वारा संस्थापित
स्पेशल तीर्थयात्रा रेलगाड़ी द्वारा तीन धाम, ग्यारह ज्योतिर्लिंग 34 दिवसीय- 3 दिसम्बर 2018 व 4 जनवरी 2019, एक धाम दक्षिण भारत यात्रा 12 दिवसीय- 21 दिसम्बर व मकर सक्रान्ति पर्व पर गंगासागर स्नान एक धाम जगन्नाथपुरी यात्रा 11 दिवसीय- 9 जनवरी 2019, सम्पूर्ण सुविधाओं सहित, नई दिल्ली/अम्बाला से शुभ प्रस्थान।
बृज चौरासी कोस मथुरा यात्रा 10 दिवसीय-24 नवम्बर, 2018 (मथुरा से प्रारम्भ)
श्री शिव शंकर तीर्थयात्रा (रजि.)
233, बनखण्डी, रेलवे स्टेशन रोड, ऋषिकेश (देहरादून)-249201
फोन : 0135-2431668, 2431768, मो.: 9411930469
दिल्ली- 9313309531, आगरा- 9368224868, जम्मू- 9419310880, हि.प्र.- 9816393833
Website : www.tirthyatraindia.com, E-mail : shivstyc@gmail.com

भगन्दर
पुराने से पुराना फिश्चुला-बिना ऑपरेशन इलाज सम्भव
भगन्दर [FISTULA] अपने आप में एक गम्भीर, असाध्य एवं दुरारोग्य बीमारी है इसका इलाज [CURE] होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति में सम्भव है। यदि आप होमियोपैथी, एलोपैथी, आयुर्वेद, क्षारसूत्र एवं कई बार ऑपरेशन करा चुके हैं फिर भी भगन्दर से परेशान है तो शुभम होमियो क्लीनिक में आज ही सम्पर्क करें।
शुभम होमियो क्लीनिक
डॉ. बी.बी. मिश्रा (B.H.M.S.)
प्रातः10 से सायं 6 बजे तक रविवार बन्दी
7800474153, 9919861570
7800786156, 8756056697

BECOME DOCTOR, SELECT THE BEST
APEX INSTITUTE OF AYURVEDIC MEDICINE & HOSPITAL
B.A.M.S.
• वाराणसी/BHU से 30Km, चुनार स्टेशन से 1km दूर
• वरिष्ठ, अनुभवी शिक्षक, • विशिष्ट चिकित्सा शिक्षा..
• विशिष्ट स्पेशिलिटी ट्रेनिंग - एपेक्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल वाराणसी में • आधुनिकतम प्रयोगशालाएं
• सुरम्य प्राकृतिक कैंपस: पर्वत- माँ गंगा के बीच स्थित
NH-7, MIRZAPUR -VARANASI ROAD, CHUNAR, MIRZAPUR,
CALL NOW Ph. : 9893926205, 9076500795

# राज्यपाल ने कृषि कुंभ का किया समापन

ब्यूरो, लखनऊ।

प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक ने कृषि कुंभ.2018के समापन समारोह में राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी की सराहना करते हुये कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि उत्तर प्रदेश में पहली बार भव्य कृषि कुंभ का आयोजन हुआ। उत्तर प्रदेश जो करता है उसका अनुसरण पूरा देश करता है। उत्तर प्रदेश से कृषक के विकास के प्रति संवेदनशीलता का संदेश पूरे देश में जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा।

उक्त विचार राज्यपाल राम नाईक ने आज भारतीय गन्ना शोध संस्थान में आयोजित कृषि कुंभ 2018 के समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि विपणन एवं निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह, प्रदेश मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्यगण, कृषि उत्पादन आयुक्त डा. प्रभात कुमार, प्रमुख सचिव कृषि अमित मोहन सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।



राज्यपाल ने कहा कि देश का किसान कृषि के क्षेत्र में निपुण है। देश की आजादी के बाद हम खाद्यान्न आयात करते थे जबकि आज के समय हम निर्यात करते है। देश की आबादी तीन गुना बढ़ी है, खेती की जमीन सीमित है फिर भी किसान का कमाल है कि इतना अन्न उत्पादन करते है कि पूरा देश खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर है। यह प्रगति ...

और जय विज्ञानम् का परिणाम है। केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों के विकास के लिये दृढ़ संकल्प है। वैज्ञानिक तकनीक की जानकारी किसानों के खेत तक पहुंचेगी तो देश और प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डालते हुये कहा कि किसानों में सीखने की रूचि बढ़ी है। प्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों पर इस तरह का छोटा माडल लगाया जायेगा ताकि स्थानीय स्तर पर किसान लाभ उठा सकें। उन्होंने कृषि यंत्रों की खरीद पर किसानों को दिये जाने वाले अनुदान की भी जानकारी दी। विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार किसानों को इतने ... किया गया है। किसानों के बारे में उन्होंने भारतीय इतिहास से जुड़े प्रसंग भी बताये। उन्होंने कहा कि कृषि कुंभ से किसानों को नई जानकारी मिलेगी जिससे उनकी आमदनी निश्चित रूप से बढ़ेगी।

कृषि विपणन एवं निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह ने बताया कि सरकार ने ऐसी नीति बनाई है कि किसान अपनी उपज किसी भी मंडी में बेच सकता है। किसानों को सुविधा प्रदान करने के लिये राज्य सरकार ने मंडी शुल्क में भी परिवर्तन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि किसानों को सही बाजार और सही मूल्य मिले।

इस अवसर पर प्रदर्शनी में उत्कृष्ट स्टाल लगाने वाले 10 महानुभावोंए बड़े कृषि यंत्र बनानी वाली कम्पनी के 2 महानुभावों, प्रगतिशील ...